रोहतक
शुक्रवार 13 मार्च 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष, दशमी वर्ष : 30, अंक : 37
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 36.7
न्यून. 15.9

हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 अब महिला टीम की जिम्मेदारी टी-20 विश्व कप भारत लाना

# गैस पर संग्राम, पीएम मोदी ने की ईरानी राष्ट्रपति से बात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**भारतीय नागरिकों और तेल टैंकरों को लेकर चिंता जताई**

**अफवाहों का समय नहीं, देश की ऊर्जा संकट से निपटना है**

**प्रधानमंत्री बोले, कुछ लोग पैनिक फैलाने की कोशिश कर रहे**

गैस को लेकर संसद से सड़क तक संग्राम मचा हुआ है। राहुल गांधी ने गुरुवार को लोकसभा में एलपीजी संकट का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा, 'अभी तो दर्द की शुरुआत हुई है। रेस्टोरेंट बंद हो रहे हैं, एलपीजी को लेकर घबराहट है और सड़क किनारे के विक्रेता प्रभावित हो रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के सांसदों ने देश में सिलेंडर संकट के मुद्दे पर हंगामा किया। दूसरी ओर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री ने कहा कि मौजूदा समय अफवाह फैलाने या झूठे नैरेटिव बनाने का नहीं है। ईंधन की सप्लाई जारी है, गैस को घरों और खेती के लिए प्राथमिकता दी जा रही है और एलपीजी उत्पादन में 28% की बढ़ोतरी की गई है। गैस संकट पर प्रधानमंत्री मोदी ने भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि कुछ लोग पैनिक फैलाने कोशिश कर रहे हैं। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पजशकियान से फोन पर बात की है। उन्होंने मिडिल-ईस्ट के हालात पर चर्चा की। क्षेत्र में बढ़ते तनाव, नागरिकों की मौत और सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर को हुए नुकसान पर गहरी चिंता जताई।



सूरत ए हाल

## एलपीजी उत्पादन में 28% की बढ़ोतरी की गई



लोकसभा में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि देश में पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी नहीं है और रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं। उन्होंने कहा, 'रिफाइनरियां उच्च क्षमता उपयोग के साथ काम कर रही हैं। कई मामलों में वे 100% से भी अधिक क्षमता पर चल रही हैं। पेट्रोल, डीजल, केरोसीन, एटीएफ या फ्यूल ऑयल की कोई कमी नहीं है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री पुरी ने कहा कि सरकार ने एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उत्पादन बढ़ाया है। पिछले पांच दिनों में रिफाइनरियों को दिए गए निर्देशों के बाद एलपीजी उत्पादन में 28% की बढ़ोतरी की गई है। अतिरिक्त खरीद की प्रक्रिया भी जारी है। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि भारत के 33 करोड़ परिवारों खासकर गरीब और वंचित वर्ग की रसोई में किसी तरह की कमी न हो। घरेलू आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित है और डिलीवरी साइकिल में कोई बदलाव नहीं हुआ है। (संबंधित खबर पेज-5 पर)

# मुजतबा की धमकी, अमेरिकी बेस पर जारी रहेंगे ईरानी हमले

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/तेहरान

**पद संभालने के बाद सुप्रीम लीडर का पहला बयान**

**होर्मुज का रास्ता नहीं खुलेगा, यूएस व इजराइल को करनी होगी भरपाई**

**मौजूदा अमेरिकी सैन्य अड्डे हमारे निशाने पर**

ईरान के नए सुप्रीम लीडर अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई ने पद संभालने के बाद गुरुवार को अपना पहला बयान जारी किया। इसमें उन्होंने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि वह मिडिल ईस्ट में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डों को बंद कर दे, नहीं तो उन पर हमले जारी रहेंगे। मुजतबा ने अमेरिका और इजराइल को चेतावनी दी है कि उन्हें ईरान पर किए गए हमलों की 'भरपाई' करनी होगी। ईरान के सरकारी टीवी पर पढ़कर सुनाए गए संदेश में खामेनेई ने कहा कि मौजूदा हालात में होर्मुज स्ट्रेट का रास्ता भी नहीं खोला जाएगा। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच युद्ध लगातार तेज हो रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका और इजराइल के हमलों के पहले दिन मोजतबा खामेनेई के पैर में फ्रेक्चर हो गया था और उन्हें हल्की चोटें भी आई थीं। बताया गया कि वह उसी हवाई हमले में घायल हुए थे, जिसमें उनके पिता और पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई थी।



## दावा : हमले में मुजतबा घायल, कोमा में

मीडिल-ईस्ट में जारी तनाव के बीच ईरान के नए सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई के कोमा में होने का दावा किया जा रहा है। मुजतबा 28 फरवरी को इजराइल-अमेरिका की एयर स्ट्राइक में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। ब्रिटिश मीडिया द सन की रिपोर्ट के मुताबिक इस हमले में मुजतबा को इतनी गंभीर चोटें आई थीं कि उनका एक पैर काटना पड़ा और पेट-लिवर को भी नुकसान पहुंचा है।

## शहीदों के खून का बदला लेने की लड़ाई जारी रहेगी

- मिडिल ईस्ट में मौजूद सभी अमेरिकी सैन्य ठिकानों को तुरंत बंद किया जाए, नहीं तो उन पर हमले जारी रहेंगे।
- ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध चाहता है। इन देशों की जमीन पर मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डे ही निशाने पर हैं।
- दुश्मनों पर दबाव बनाने के लिए होर्मुज स्ट्रेट फिलहाल बंद रखा जाएगा।
- ईरान अपने सभी शहीदों के खून का बदला लेने की लड़ाई जारी रखेगा, चाहे वह पूर्व सुप्रीम लीडर हों या हमलों में मारे गए बच्चे।
- ईरानी सेना का धन्यवाद, उनके बलिदान ने देश को बाहरी ताकतों के कब्जे या बंटवारे से बचाया है।
- युद्ध में प्रभावित लोगों के लिए आर्थिक और अन्य तरह की मदद देने की योजनाएं बनाई जा रही हैं।
- देश के लोग मतभेद भुलाकर एकजुट रहें और इस मुश्किल दौर का मिलकर सामना करें।

## ट्रम्प बोले- तेल की कीमतें बढ़ना अच्छा



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि तेल की बढ़ती कीमतें अमेरिका के लिए फायदेमंद हैं। उनके मुताबिक अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक है, इसलिए कीमतें बढ़ने से देश को ज्यादा कमाई होती है। ट्रम्प ने गुरुवार को ट्रुथ सोशल पर लिखा, "अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा तेल उत्पादक है। जब तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो हम इससे काफी पैसा बनाते हैं। उन्होंने कहा कि उनके लिए सबसे अहम बात यह है कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोका जाए। ट्रम्प के मुताबिक अगर ऐसा हुआ तो मिडिल ईस्ट ही नहीं, पूरी दुनिया के लिए बड़ा खतरा पैदा हो सकता है।

## प्रदेश में हाहाकार, एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी लाइनें

- कालाबाजारी शुरू, घरेलू सिलेंडर 1500 में बिक रहा
- कमर्शियल का रेट 3 से 4 हजार रुपये के बीच
- सरकार ने टोल फ्री नंबर जारी किया

हरियाणा (हरिभूमि टीम )। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे तनाव का असर हरियाणा में भी दिख रहा है। गुरुवार सुबह से ही गैस एजेंसियों पर लंबी कतारें लगी रहीं। अब कालाबाजारी भी शुरू हो गई है। गुरुग्राम में घरेलू सिलेंडर ब्लैक में 1500 तक में मिल रहा है, जबकि कमर्शियल सिलेंडर का रेट 3 से 4 हजार रुपये हो गया है। गुरुवार को भी हिसार, सोनीपत, फतेहाबाद, हांसी, पानीपत, कैथल, रेवाड़ी और फरीदाबाद में गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो पा रही है। वहीं, पंचकूला शहर के मनसा देवी मंदिर में 25 हजार लोगों को कल से प्रसाद में रोटी मिलना बंद हो जाएगा। कल से केवल कढ़ी चावल और दाल चावल का प्रसाद ही लोगों को मिलेगा। हालांकि, इन्हीं परेशानियों को देखते हुए सरकार की ओर से टोल फ्री नंबर 18001802087 भी जारी किया है।

## देशभर में मारामारी, केंद्र बोला ढाई दिन में मिलेगा सिलेंडर

- केंद्र ने राज्यों को 40 हजार किलो लीटर कैरोसिन भेजा
- होटलों और रेस्टोरेंट्स पर गहराया संकट
- ग्रामीण इलाकों में 45 दिन में होगी बुकिंग

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से देशभर में एलपीजी की किल्लत हो गई है। गैस एजेंसियों के बाहर लम्बी लाइनें हैं। सिलेंडर की कालाबाजारी भी हो रही है। बिहार के कई शहरों में 1000 रुपए वाले घरेलू सिलेंडर के लिए 1800 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। वहीं मध्य प्रदेश में 1900 का कमर्शियल सिलेंडर 4000 में बिक रहा है। उधर, कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई पर रोक से होटलों और रेस्टोरेंट्स ने इंडक्शन पर खाना बनाना शुरू कर दिया है। इससे बाजार में इंडक्शन की डिमांड 50 फीसदी तक बढ़ गई है। सरकार ने ग्रामीण इलाकों के लिए सिलेंडर बुकिंग का नियम बदल दिया है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ससंद में बताया कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को एक सिलेंडर लेने के बाद अगला सिलेंडर 45 दिन बाद ही मिलेगा। यानी दो सिलेंडरों के बीच अब कम से कम 45 दिन का अंतर रखना जरूरी होगा।

## भारत की वार्ता जारी, जहाजों को रास्ता मिलने की बढ़ी उम्मीद



- ईरान में अभी करीब 9 हजार भारतीय
- सुरक्षा के लिए सरकार उठा रही पर्याप्त कदम

मिडिल-ईस्ट में जारी इस संघर्ष के बीच भारत और ईरान के विदेश मंत्रियों ने पिछले कुछ दिनों में तीन बार बातचीत की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। उनसे पूछा गया कि क्या ईरान ने भारत जाने वाले जहाजों को अनुमति दी है। इस पर उन्होंने कहा कि फिलहाल इस विषय पर ज्यादा कुछ कहना जल्दबाजी होगा। हाल की बातचीत में समुद्री शिपिंग की सुरक्षा और भारत की ऊर्जा सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। जायसवाल ने यह भी कहा कि भारत ने ईरान के दिवंगत नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को श्रद्धांजलि दी थी। उन्होंने बताया कि विदेश सचिव ने 5 मार्च को ईरानी दूतावास में जाकर शोक-पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए थे। ईरान में करीब नौ हजार भारतीय नागिरक हैं, जिन्हें निकालने के लिए सरकार पर्याप्त प्रयास कर रही है। पीएम मोदी ने बातचीत की है।

## मिडिल ईस्ट में कई बैंकों के ऑफिस बंद

ईरान के खाड़ी देशों पर हमलों के बीच कई बड़ी वित्तीय कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को मिडिल ईस्ट के दफ्तरों से दूर रहने के लिए कहा है। स्टैंडर्ड चार्टर्ड, गोल्डमैन सैक्स ने क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों को घर से काम करने का निर्देश दिया है और स्थानीय प्रशासन की सलाह मानने को कहा है। सिटी बैंक ने एहतियात के तौर पर यूएई में अपनी ज्यादातर ब्रांच गुरुवार से शनिवार तक बंद रखने का फैसला किया है। कतर में एचएसबीसी ने अपने ग्राहकों को बताया कि देश में उसकी सभी शाखाएं अगले आदेश तक अस्थायी रूप से बंद कर दी गई हैं।

## लेबनान में जमीनी ऑपरेशन की तैयारी में इजराइल

इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि सेना को लेबनान में बड़े जमीनी ऑपरेशन की तैयारी करने का आदेश दिया गया है। हिजबुल्लाह ने बुधवार शाम 200 से ज्यादा रॉकेट और ड्रोन दागे, जो संघर्ष शुरू होने के बाद सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है। काट्ज ने कहा कि लेबनान सरकार हिजबुल्लाह को काबू करने में सक्षम नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि जरूरत पड़ने पर इजराइल खुद इलाके पर कब्जा कर कार्रवाई करेगा। इजराइली सेना प्रमुख ने कहा कि उत्तरी इजराइल में एक एक्सट्रा ब्रिगेड भेजी गई है। (संबंधित खबर पेज-8 पर)

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
पाठक सर्वे योजना हरियाणा
माह : मार्च
दिनांक : 13 मार्च 2026

### खबर संक्षेप

## आदि-कैलाश यात्रा एक मई से होगी शुरू

**देहरादून।** उत्तराखंड में आदि कैलाश यात्रा का इंतजार खत्म होने वाला है। प्रशासन ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली हैं और यदि मौसम ने साथ दिया, तो अप्रैल के आखिरी सप्ताह से इनर लाइन परमिट जारी किए जाएंगे। पिछले साल यहां 30,000 से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे, ऐसे में इस साल बड़ी संख्या में यात्रियों के आने की उम्मीद है। आदि कैलाश पिथौरागढ़ जिले के धारचूला क्षेत्र में व्यास घाटी में स्थित है। *एजेंसी*

## बढ़ी खुदरा महंगाई, 3.2 फीसदी पर पहुंची



**नई दिल्ली।** 12 मार्च को फरवरी 2026 के महंगाई दर के आंकड़े जारी किए गए। जनवरी की अपेक्षा फरवरी में रिटेल महंगाई दर में 47 बेसिस प्वाइंट की बढ़ोतरी हुई है। भारत की रिटेल महंगाई दर फरवरी में बढ़कर 3.2 % हो गई, जबकि जनवरी में यह 2.74 % थी। यह दिखाता है कि कीमतों पर दबाव थोड़ा बढ़ा है, महंगाई अभी भी आरबीआई के 4 % के मीडियम-टर्म टारगेट से काफी नीचे है। ग्रामीण और शहरी इलाकों के लिए महंगाई दर क्रम से 3.37% और 3.02% है।

### बोर्ड परीक्षा : आरएएफ की छापेमारी

# सोनीपत में सामूहिक नकल पकड़ी, 6 अध्यापक हटाए

**दादरी में झुंड बनाकर नकल करते वीडियो वायरल**

**सोनीपत/चरखी दादरी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से चल रही परीक्षाओं के बीच सोनीपत में सामूहिक नकल पकड़ी गई। बोर्ड चेयरमैन की स्पेशल रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) ने छापेमारी कर कुंडली स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के दो परीक्षा केंद्रों पर सामूहिक नकल पकड़ी। जब आरएएफ यहां पहुंची तो समय से पहले ही प्रश्नपत्र बंटा पड़ा था, सीसीटीवी कैमरे भी बंद थे। वहीं, मिड डे मील वर्कर का फर्जी आईकार्ड बनाया हुआ भी मिला। टीम ने एक्शन लेते हुए सामूहिक नकल के छह मामले दर्ज किए और ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर 6 टीचर्स तुरंत प्रभाव से हटा दिए। बता दें कि इससे पहले चरखी दादरी के बाढ़ड़ा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से नकल का वीडियो सामने आया था। वीडियो में स्टूडेंट टीचर के सामने ही नकल करते दिखाई रहे हे। एक दूसरे की कॉपी तक बदल दे रहे हैं। कुछ छात्राएं तो एक ही स्थान बैठकर नकल कर रही है, जबकि टीचर उनके आसपास घूम रहा है। एक छात्रा तो प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिका लेकर बाहर चली जाती भी दिखाई दे रही है। इस वीडियो के सामने आने के बाद हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि इसमें खुद अध्यापक ही नकल करवाते दिख रहे हैं। प्रदेशभर में ऐसे 16 केस सामने आए और 8 अध्यापकों पर एक्शन किया गया है।

# पहले गले मिले, फिर ट्रेन के आगे कूद गया दंपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

**झज्जर में दंपति ने की आत्महत्या, 2 साल पहले शादी हुई, 8 माह की बच्ची**

झज्जर में दंपती ने ट्रेन के आगे कूदकर सुसाइड कर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों पहले फाटक के पास एक-दूसरे से गले मिले। खूब बातें की। इसके बाद जैसे ही ट्रेन पास पहुंची, एक-दूसरे से लिपट कर ट्रैक पर लेट गए। हादसे में दोनों के टुकड़े हो गए। डेडबॉडी के टुकड़ों में इकट्ठा कर अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवा दिया है। परिजनों का कहना है कि महिला का लंबे समय से इलाज चल रहा था। गुरुवार को सुनील बाइक रोहतक के अस्पताल में जाने की बात कहकर घर से निकले थे। कराब 2 साल पहले ही उनकी शादी हुई थी। उनकी 8 माह की बच्ची है। मृतकों की पहचान झज्जर के जोनधी गांव के रहने वाले सुनील (28) और हिमांशी (24) के रूप में हुई है। परिजनों का कहना है कि हिमांशी की किडनी खराब थी। लंबे समय से उनका इलाज चल रहा था। करीब 2 साल पहले ही उनकी शादी हुई थी। दोनों की एक 8 माह की बेटी भी हैं।

### शुक्रवार को सदन में पेश किया जाएगा नोटिस

# अब मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने का प्रस्ताव, 200 सांसदों ने किए हस्ताक्षर

**लोस में 100 और राज्यसभा में 50 सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी**

**नई दिल्ली (भाषा)।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के प्रस्ताव के लिए 200 से अधिक सांसदों ने नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। एक सूत्र ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्र के अनुसार, लोकसभा के 130 सांसदों ने और राज्यसभा के 63 सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। नोटिस शुक्रवार को संसद के किसी एक सदन में पेश किए जाने की संभावना है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि इसे किस सदन में पेश किया जाएगा। विपक्ष के एक नेता ने बताया कि सांसदों ने नोटिस को लेकर काफी उत्साह दिखाया और आवश्यक संख्या पूरी हो जाने के बाद भी बृहस्पतिवार को कई सांसदों हस्ताक्षर किए।

### यह है हटाने का नियम

नियमों के अनुसार, मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने के लिए नोटिस पर लोकसभा केकम से कम 100 सांसदों और राज्यसभा के 50 सांसदों के हस्ताक्षर आवश्यक होते हैं। यह पहली बार है जब मुख्य निर्वाचन आयुक्त को हटाने के लिए इस तरह का नोटिस दिया गया है।

### सात आरोप लगाए

एक उच्च पदस्थ सूत्र के अनुसार, नोटिस में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ सात आरोप लगाए गए हैं, जिनमें पद पर रहते हुए पक्षपातपूर्ण और भेदभावपूर्ण आचरण, चुनावी धोखाधड़ी की जांच में जानबूझकर बाधा डालना और बड़े पैमाने पर मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना जैसे आरोप शामिल हैं।

### पांच शैल कंपनियों के माध्यम से फर्जीवाड़ा

# आईडीएफसी बैंक फ्रॉड : एसीबी ने फ्रीज करवाए 100 अकांउट

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

**6 बैंक कर्मचारी, 4 प्राइवेट व्यक्ति और सरकारी विभाग का एक कर्मचारी अभी तक गिरफ्तार किए जा चुके**

हरियाणा एसीबी ने आईडीएफसी बैंकिंग फ्रॉड को लेकर बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि फर्जी शैल कंपनियों के माध्यम से पूरे फर्जीवाड़े को अंजाम दिया गया है। जांच के दौरान सामने आए 100 बैंक अकाउंट को एसीबी की ओर से संबंधित बैंकों को नोटिस भेजकर फ्रीज करवाया गया है। बैंकिंग फ्रॉड को लेकर बनी एसआईटी की एडीजीपी चारू बाली ने बताया कि फ्रॉड का माध्यम बनने वाली कंपनियों में आरएस ट्रेडर्स, कैप कंपनी फिनटैक, एसएसआर, स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट शामिल हैं। इसके अलावा भी कुछ और कंपनियां हैं, जिनके माध्यम से पूरे घोटाले को अंजाम दिया गया है। चारू बाली के अनुसार घोटाले को अंजाम देने के लिए शामिल 6 बैंक कर्मचारी, 4 प्राइवेट व्यक्ति और सरकारी विभाग का एक कर्मचारी अभी तक गिरफ्तार किए गए हैं।

### सिविल सेवा पास करने वाले कैंडिडेट्स को राहत

# माता-पिता की सैलरी ओबीसी क्रीमी लेयर का आधार नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**केंद्र सरकार की अपीलों को खारिज किया, आरक्षण का फायदा नहीं मिला था**

## आरक्षण से बाहर करने के लिए गलत पैमाना अपनाया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को ओबीसी क्रीमी लेयर तय करने के मामले में कहा कि केवल माता-पिता या अभिभावकों की सैलरी के आधार पर किसी की कैटेगरी तय नहीं की जा सकती। माता-पिता या अभिभावकों के पद और स्थिति को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने फैसले में केंद्र सरकार की उन अपीलों को खारिज कर दिया, जो हाईकोर्ट के फैसलों के खिलाफ थीं। कोर्ट ने उन यूपीएससी कैंडिडेट्स को बड़ी राहत दी है, जिन्हें सिविल सेवा परीक्षा पास करने के बावजूद नौकरी नहीं दी गई थी। सरकार ने उनके माता-पिता की सैलरी को आधार मानकर उन्हें क्रीमी लेयर की श्रेणी में डाल दिया था। कोर्ट ने साफ किया कि अधिकारियों ने कैंडिडेट्स को आरक्षण से बाहर करने के लिए गलत पैमाना अपनाया।

**सरकार ने सैलरी को आय में जोड़ दिया**



यह पूरा विवाद उन कैंडिडेट्स से जुड़ा है जिनके माता-पिता पब्लिक सेक्टर्स (पीएसयू), बैंक या इसी तरह के संस्थानों में काम करते थे। सरकार ने 2004 के एक स्पष्टीकरण पत्र का सहारा लेकर कैंडिडेट्स के माता-पिता की सैलरी को आय में जोड़ दिया था। इस वजह से कैंडिडेट्स आरक्षण के लाभ से वंचित हो गए थे।

### सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी आदेश का दिया हवाला

यह आदेश इंदिरा साहनी मामले के बाद बना था। इसमें स्पष्ट है कि क्रीमी लेयर तय करने के लिए माता-पिता का पद (जैसे ग्रुप ए या ग्रुप बी अधिकारी) मुख्य आधार है। इस नियम के तहत सैलरी और खेती से होने वाली कमाई को आय/संपत्ति में शामिल नहीं किया जाता। कोर्ट ने कहा कि 2004 का एक पत्र मुख्य नीति को नहीं बदल सकता। कोर्ट यह भी पाया कि सरकारी कर्मचारियों और पीएसयू कर्मचारियों के बीच भेदभाव करना गलत है। अगर सरकारी कर्मचारियों के बच्चों को पद के आधार पर छूट मिलती है, तो पीएसयू कर्मचारियों के बच्चों को केवल सैलरी के आधार पर आरक्षण से बाहर करना समानता के अधिकार का उल्लंघन है।

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल ने बुजुर्गों के साथ मनाया जन्मदिन

**पंचकूला।** राज्यपाल प्रो. असीम घोष ने अपना 82वां जन्मदिन बुजुर्गों के साथ मनाया। इस मौके पर उन्होंने हरियाणा रेडक्रॉस को 10 नए रोगी वाहन की सौगात दी जिसे उन्होंने हरियाणा लोक भवन में हरी झंडी दिखाकर मानवीय कार्यों के लिए समर्पित किया। साथ ही राज्यपाल महोदय ने एक करोड रूपये की अनुदान राशि 9 नए रोगी वाहन खरीदने के लिए हरियाणा रेडक्रॉस को प्रदान करने की घोषणा की। जिससे हरियाणा के प्रत्येक जिले में एक रोगी वाहन जरूरतमंद लोगों के मुहैया कराया जा सकेगा।

### अनिल दून पिहोवा मेले के प्रशासक नियुक्त

**चंडीगढ़।** सरकार ने एचसीएस अधिकारी अनिल कुमार दून, जोकि पिहोवा के उपमंडल अधिकारी (नागरिक) हैं, को पिहोवा मेला–2026 के लिए मेला प्रशासक नियुक्त किया है। यह मेला 17 से 19 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। वहीं मेले को लेकर तैयारियां चल रही है।

### हिरासत में उत्पीड़न पर नीति बनाए सरकार

**चंडीगढ़।** हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने पुलिस हिरासत में मानवाधिकार उल्लंघनों से संबंधित मामले की सुनवाई करते हुए पुलिस महानिदेशक, हरियाणा तथा राज्य सरकार को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने मामले में संस्थागत सुधारों, जवाबदेही और पीड़ितों को मुआवजा प्रदान करने की नीति के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी है। आयोग के सदस्य दीप भाटिया ने 30 जनवरी को पिछली सुनवाई पुलिस महानिदेशक, हरियाणा, पंचकूला को निर्देश दिया गया था कि वे इंस्पेक्टर जगदीश चंदर पर लगाए गए दंड की पुनः समीक्षा करें।

### गैस की किल्लत से उपभोक्ता परेशान

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने हरियाणा सहित पूरे देश में एलपीजी गैस की बढ़ती किल्लत पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। भाजपा सरकार की नीतियों और लापरवाही के कारण आज आम जनता को बुनियादी सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। सुशील गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में एलपीजी गैस की कमी के कारण होटल, ढाबे और छोटे-छोटे कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। कई जगहों पर होटल और ढाबे बंद होने की स्थिति में पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार गैस किल्लत दूर करने के बजाय सिर्फ बयानबाजी कर रही है।

### राज्यसभा चुनाव 16 को, अपने विधायकों की बाड़ेबंदी करेगी पार्टी

# आज दिन में भोज, शाम को हिमाचल की वादियों में सैर करेंगे कांग्रेसी विधायक

## क्रॉस वोटिंग का डर, नेताओं का दावा- पार्टी के विधायक एकजुट

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग रोकने के लिए कांग्रेस अपने विधायकों को प्रदेश से शिफ्ट करने की तैयारी कर रही है। शुक्रवार को चंडीगढ़ में सभी विधायकों का लंच रखा गया है। इसके बाद विधायकों को एक साथ लग्जरी बसों में हिमाचल ले जाया जा सकता है, जहां उनके लिए डिनर का इंतजाम किया गया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू मेजबानी को तैयार हैं। हालांकि, नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा लगातार कह रहे हैं कि पार्टी के विधायक कहीं नहीं जाएंगे। सब एकजुट हैं। बावजूद इसके केंद्रीय नेतृत्व किसी तरह का रिस्क लेने को तैयार नहीं है। हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी बीके हरिप्रसाद और प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह भी साथ रहेंगे। केंद्र से भी पर्यवेक्षक भेजने की तैयारी है। अभी नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है। दूसरी तरफ भाजपा ने पहले ही गुजरात के डिप्टी सीएम हर्ष संघवी को चुनाव के लिए ऑब्जर्वर बना चुकी है। संघवी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के करीबी माने जाते हैं। पार्टी के सभी विधायकों को 14 से 16 मार्च तक चंडीगढ़ में रहने की हिदायत दी गई है। 16 मार्च को राज्यसभा चुनाव के लिए वोटिंग है।

खास बात यह है कि शुक्रवार दोपहर भोज के बाद में विचार मंथन होगा और चंडीगढ़ से विधायकों को बाहर लेकर जाएं या नहीं इस पर अंतिम फैसला होगा। वैसे, हिमाचल में कांग्रेस की सरकार भी है, इसलिए सबसे सुरक्षित जगह भी वही मानी जा रही है। बहरहाल, देर रात तक बाहर लेकर जाने पर हालात साफ नहीं थे। अब शुक्रवार को ही देखना होगा कि पार्टी हाईमान से आए हुए खास दूत क्या फैसला लेते है।

### दो दिन पहले चंडीगढ़ में हुई बैठक में नहीं पहुंचे थे पार्टी के पांच विधायक

गत दो दिनों पहले चंडीगढ़ में हुई बैठक में कुल 37 विधायकों में पांच के नहीं आने को लेकर चर्चाओं को पंख लगे हुए हैं। हालांकि पंचकूला के विधायक चंद्रमोहन पहले आकर व काफी देर इंतजार के बाद सेहत कारणों से पंचकूला चले गए। इसके अलावा जुलाना की विधायक विनेश फोगाट नहीं थी। बादली के विधायक कुलदीप वत्स नहीं थे, वत्स के यहां पर पुत्र का विवाह समारोह है। सिरसा एलनाबाद के विधायक भरत सिंह बैनीवाल और कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला भी शामिल नहीं हुए। हालांकि पार्टी नेताओं ने इस बारे में स्पष्टीकरण दिया था।

## मुख्यमंत्री से मिले इनेलो नेता, अभय चौटाला बोले- चुनाव में भूपेंद्र हुड्डा की तसल्ली करवा दूंगा




**चंडीगढ़।** राज्यसभा चुनाव पहले बृहस्पतिवार को इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला ने प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। राज्यसभा चुनाव को लेकर अभय सिंह चौटाला ने नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर निशाना साधते हुए कहा कि इस चुनाव में भूपेंद्र सिंह हुड्डा की तसल्ली करवा दूंगा। इंडियन नेशनल लोकदल को बीजेपी की बी टीम कहने से पहले हुड्डा अपनों को संभालें। हुड्डा अपनों को बेच देंगे और इल्जाम हमारे ऊपर लगाएंगे। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पूर्व कांग्रेस नेता कुलदीप बिश्नोई और किरण चौधरी को पार्टी छोड़ने के लिए मजबूर किया था। हुड्डा ने किरण चौधरी और कुलदीप बिश्नोई को राज्यसभा चुनाव से बिल्कुल ठीक पहले प्रताड़ित किया था जिसके चलते राज्यसभा चुनाव के नतीजे बदले थे। भूपेंद्र सिंह हुड्डा को स्याही कांड भी याद रखना चाहिए। स्याही किसने बदली थी। इस पर भी जवाब दें। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष पर कई अन्य आरोप भी जड़े।

### खरीद केंद्रों को बंद करने पर ज्ञापन सौंपा

इससे पहले इनेलो प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मंडियों के खरीद केंद्रों में मार्केट कमेटियों द्वारा लाइसेंस न देने के कारण किसानों को उनकी फसल बेचने में आ रही मुश्किलों के मुद्दे पर बात की और खरीद केंद्रों को तुरंत शुरू करने का ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद चौधरी अभय सिंह चौटाला ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि जैसे बुढ़ापा पेंशन वाला मुद्दा था वैसा ही एक किसानों की गेहूं की फसल बेचने के लिए खरीद केंद्रों का बड़ा मुद्दा है। सरकार ने एक आदेश जारी कर दूरदराज के इलाकों में बने खरीफ के गेहूं खरीद केंद्रों को बंद करने और पुराने लाइसेंस के नवीनीकरण पर रोक लगा दी है। पूर्व मुख्यमंत्री जननायक देवीलाल ने इन खरीद केंद्रों की शुरुआत की थी।

## हुड्डा बोले- चौटाला खुले रूप में भाजपा की मदद कर रहे



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं विपक्ष नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार कर्मवीर बौद्ध की जीत को लेकर पूरी तरह से आशान्वित हैं। पूर्व सीएम और नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि राज्यसभा की दो सीटों पर चुनाव में भाजपा के दो उम्मीदवार और कांग्रेस का एक उम्मीदवार खड़ा है। कांग्रेसी उम्मीदवार का जीतना पूरी तरह तय है, ऐसे में भाजपा फैसला कर ले कि उसके दो उम्मीदवारों में से कौन एक चुनाव जीतेगा। हुड्डा ने इनेलो प्रमुख अभय सिंह चौटाला के उस बयान पर भी सवाल उठाए, जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्यसभा चुनाव में क्या फैसला लेना है, यह जनता से पूछकर तय किया जाएगा।भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि इनेलो कभी कांग्रेस के साथ नहीं रही। राज्यसभा चुनाव में भी इनेलो के कांग्रेस का समर्थन करने की संभावना नहीं है। अभय सिंह चौटाला स्वयं कह चुके हैं। ऐसे में जनता पूरी तरह से समझदार है, राज्यसभा चुनाव में इनेलो प्रमुख अभय सिंह चौटाला खुले रूप से भाजपा की मदद करने वाले हैं।

## कांग्रेस ने सुचित्रा को पार्टी से निकाला, टिकट के लिए 7 करोड़ ऐंठने का आरोप लगाया था

**चंडीगढ़।** इंडियन नेशनल कांग्रेस के सीनियर नेताओं पर गंभीर आरोप लगाने वाली महिला कांग्रेस की महासचिव सुचित्रा देवी को पार्टी से बाहर कर दिया गया है। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष पर्ल चौधरी ने उनके निष्कासन के ऑर्डर जारी किए हैं। सुचित्रा देवी ने पार्टी नेताओं पर रेवाड़ी जिले की बावल विधानसभा सीट पर टिकट के लिए करीब 7 करोड़ रुपए ऐंठने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं पर टिकट के लिए पैसे देने के बावजूद उन्हें टिकट नहीं दिया गया। हाल ही में सुचित्रा देवी और उनके पति गौरव कुमार ने इंटरनेट मीडिया के माध्यम से वीडियो जारी कर यह आरोप लगाए थे। उनके पति गौरव कुमार ने कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के लिए दिल्ली के पुलिस कमिश्नर को 3 पेज का पत्र भी लिखा है, जिसमें कांग्रेस नेताओं को टिकट के लिए दिए गए पैसों का पूरा ब्योरा दर्ज है। हालांकि पुलिस ने अभी मामला दर्ज नहीं किया है, लेकिन सूत्रों की मानें तो पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है, जल्द ही केस दर्ज करने की तैयारी पुलिस कर सकती है। वहीं पार्टी प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र ने बयान जारी कर आरोपों को गलत बताया था। सुचित्रा देवी रेवाड़ी के गांव चित्ताडूंगरा की रहने वाली है।



- बावल से टिकट देने का वादा किया था

### दिल्ली पुलिस से शिकायत, पार्टी के नामचीन नेताओं के नाम

सुचित्रा के पति गौरव कुमार की ओर से दिल्ली के पुलिस कमिश्नर को एफआइआर दर्ज कराने को जो शिकायती पत्र भेजा गया है, उसमें कहा गया है कि कांग्रेस के कई नामचीन नेताओं और उनके निजी सचिवों ने बावल विधानसभा क्षेत्र से टिकट देने के नाम पर करोड़ों रुपए लिए, लेकिन फिर भी टिकट नहीं दिया। दिल्ली पुलिस कमिश्नर को वॉट्सएप चैट समेत अन्य दस्तावेज भी उन्होंने भेजे थे।

## 40 से अधिक आयु के एचसीएस के लिए स्वास्थ्य जांच अनिवार्य : मुख्य सचिव



- अधिकारियों को स्व-मूल्यांकन के साथ मेडिकल रिपोर्ट अपलोड करनी होगी
- पीएआर रिपोर्ट भी ऑनलाइन अपलोड की जाएगी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सभी विभागों को हरियाणा सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के अधिकारियों की वर्ष 2025–26 की वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट (पीएआर) राज्य के इंट्रानेट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में जारी एक पत्र के अनुसार एचसीएस अधिकारियों की पीएआर वेबसाइट पर ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। इसे 31 दिसंबर तक अंतिम रूप देना अनिवार्य होगा। 40 वर्ष से अधिक आयु के एचसीएस अधिकारियों के लिए स्वास्थ्य जांच अनिवार्य की गई है और स्व-मूल्यांकन के साथ मेडिकल रिपोर्ट का सारांश भी अपलोड करना होगा। सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, मंडलायुक्तों, उपायुक्तों, बोर्डों और निगमों के प्रमुखों को इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। पत्र के अनुसार, अधिकारी एचआरएमएस पोर्टल पर उपलब्ध अपने पेयी कोड और पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से पोर्टल पर लॉगिन कर सकेंगे। सत्यापन के लिए पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजा जाएगा। अधिकारियों को 31 मई तक अपना स्व-मूल्यांकन प्रस्तुत करना होगा। रिपोर्टिंग प्राधिकारी को 31 जुलाई तक मूल्यांकन पूरा करना होगा। रिव्यूइंग प्राधिकारी को 30 सितंबर तक समीक्षा करनी होगी, जबकि स्वीकार करने वाले प्राधिकारी द्वारा 31 दिसंबर तक रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जाएगा।

## प्रदेश में 100 स्वास्थ्य संस्थान बने फर्स्ट रेफरल यूनिट : राव

- गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को समय पर उपचार मिलेगा

**चंडीगढ़।** स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य सरकार ने नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के तहत प्रदेश में द्वितीयक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 100 स्वास्थ्य संस्थानों को फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) के रूप में नामित किया है। इस पहल का उद्देश्य विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज़ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि गंभीर मामलों में मरीजों को त्वरित उपचार मिल सके। उन्होंने बताया कि इन एफआरयू को 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं प्रदान करने के लिए विकसित किया जा रहा है। इन केंद्रों पर प्रसूति सेवाएं, नवजात शिशु देखभाल तथा रक्त भंडारण जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे माताओं और नवजात शिशुओं से जुड़ी आपात स्थितियों में तुरंत और प्रभावी चिकित्सा सहायता मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने अन्य सुविधाएं भी बढ़ाई है।

**मार्किट कमेटी समालखा**

विषय : वर्ष 2026-27 (01-04-2026 से 31-03-2027) तक नई अनाज मण्डी समालखा स्थित गोदाम किराए पर देने बारे।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मार्किट कमेटी समालखा द्वारा नई अनाज मण्डी में स्थित गोदाम को कृषि उपज के भण्डारण हेतू वर्ष 2026-27 हेतू किराए पर दिया जाना है। जिनकी क्षमता 4375 मिट्रिक टन है। जिसमें अलग-2 चैम्बर की सुविधा भी उपलब्ध है। इच्छुक फर्म दिनांक 23-03-2026 सॉय 05:00 बजे तक मार्किट कमेटी समालखा में आकर एक वर्ष की अवधि गोदाम किराए पर लेने हेतू सम्पर्क कर सकते हैं। गोदाम किराए सम्बन्धित अन्य जानकारी बारे मौके पर अवगत करवा दिया जाएगा।

अध्यक्ष
मार्किट कमेटी समालखा

सचिव एवम् कार्यकारी अधिकारी
मार्किट कमेटी समालखा

संवाद 1284/11/1082/2026/43772/C/88/6 दि. 12.03.2026

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि दिनांक 25 मार्च 2026 को शाम 03.00 बजे सैन्ट्रल फिड एण्ड फोडर स्टोर, पशु-पोषण विभाग लुवास में खाली बोरी व खाली प्लास्टिक पैकिंग बैग की खूली बोली की जाएगी। बोलीदाता बोली से पहले बोरियों का निरीक्षण कर सकते हैं। प्रत्येक बोलीदाता को बोली से पहले दिनांक 25 मार्च 2026 को मु. 30000 रु. जमानत राशि नगद जमा करवाने होंगे व साथ में अपने आधार कार्ड की प्रतिलिपि भी जमा करवानी होगी। सफल बोलीदाता को बकाया राशि दो दिन के अन्दर जमा करवाने होंगे। शेष शर्तें मौके पर सुनाई जायेगी या किसी भी कार्यदिवस पर कार्यलय से प्राप्त कर सकते हैं। सभी बोलीदाता इस अवसर पर आमंत्रित हैं।

हस्ता/-विभागाध्यक्ष
पशु-पोषण विभाग
लुवास, हिसार

संवाद 1305/11/111/2026/43792/C/88/6 दि. 12.03.2026

HP COTTON TEXTILE MILLS LTD

**एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड**

(CIN: L18101HR1981PLC012274)
पंजी. कार्यालय : 15वां कि.मी. स्टोन, दिल्ली रोड, गांव व डा. मयड़, हिसार-125044
Website: www.hpthreads.com E-mail: info@hpthreads.com
Tel: +91 11 41540471/72/73, Fax: +91 11 49073410

**सूचना**

**फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन (डिमैट) हेतु स्पेशल विंडो**

कृपया ध्यान दें कि सेबी सरकुलर नं. HO/38/13/11 (2) 2026-MIRSD-POD/I/ 3750/2026 दिनांक 30 जनवरी 2026 ("सेबी सरकुलर") के अनुरूप फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन (डिमैट) हेतु एक स्पेशल विंडो 04 फरवरी 2027 तक खुली रहेगी।

यह सुविधा उन निवेशकों के लिए उपलब्ध है जो एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड ("दि कम्पनी") के फिजिकल शेयर 01 अप्रैल 2019 से पूर्व खरीद चुके थे, और :
(ए) हस्तांतरण के लिए शेयरों को दायर नहीं कर चुके थे : अथवा
(बी) हस्तांतरण के लिए शेयरों को दायर कर चुके थे, परन्तु ये दस्तावेजीकरण में कमियों की वजह से निरस्त कर दिये गये, लौटा दिये गये, अथवा ध्यान नहीं दिया गया।

**स्पेशल विंडो की उपलब्धतता**
01 अप्रैल 2019 से पूर्व निष्पादित डीड्स के हस्तांतरण के लिए इस विंडो की उपलब्धतता के सम्बन्ध में स्पष्टता हेतु, निवेशक नीचे मैट्रिक्स देख सकते हैं :

| 01 अप्रैल 2019 से पूर्व हस्तांतरण हेतु दायर किये गये? | क्या निवेशक के पास मूल शेयर प्रमाण-पत्र उपलब्ध है? | क्या स्पेशल विंडो में दायर करने के लिए पात्र हैं? |
|---|---|---|
| नहीं, यह नया प्रस्तुतिकरण है | हाँ | हाँ (सेबी सरकुलर में वर्णित शर्तों के अधीन) |
| हाँ, परन्तु पूर्व में निरस्त कर दिये गये/लौटा दिये गये | हाँ | |
| हाँ, दायर किया गया था | नहीं | नहीं |
| नहीं, दायर नहीं किया गया था | नहीं | नहीं |

कृपया ध्यान दें कि जिन आग्रह(ों) के साथ मूल शेयर सर्टिफिकेट(एस) के साथ-साथ हस्तांतरण डीड (एस) और अन्य समर्थित दस्तावेज होंगे स्पेशल विंडो के तहत केवल उन्हीं पर विचार किया जाएगा।

इस विंडो का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक निवेशक कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड (यूनिट : एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड) जिसका पता अलंकित हाउस, 4ई/2, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 में है, टेली.: +91-11-4254 1234; फैक्स : +91-11-4254 1201; ई-मेल : info@alankit.com पर सम्पर्क कर सकते हैं।

कृते एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड
हस्ता/-
शुभम जैन
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 12 मार्च 2026

## श्रमिकों के परिवारों को 20-20 लाख के चेक वितरित

**चंडीगढ़।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बृहस्पतिवार को गुरुग्राम में सिधरावली गांव में सिग्नेचर ग्लोबल की निर्माणाधीन साइट पर बीते दिनों हुए हादसे में जान गंवाने वाले सात श्रमिकों के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए 20-20 लाख के चेक प्रदान किए। साथ ही सभी मृतकों के परिजनों को यात्रा खर्च के लिए 20-20 हजार रुपए की वित्तीय सहायता भी दी। केंद्रीय राज्य मंत्री ने गुरुवार को गुरुग्राम के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में मृतक श्रमिकों के परिजनों से मुलाकात की और दुःख की घड़ी में ढांढस बंधाया।

### सिग्नेचर ग्लोबल की साइट में गई थी जान




**गुरुग्राम।** श्रमिकों के परिवारों को चेक वितरित करते केंद्रीय मंत्री।

## मोरनी के जंगलों में गिरा सेना का ड्रोन, फायरिंग रेंज से उड़ा था

- ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची सेना की टीम अपने साथ ले गई

**पंचकूला।** जिले में मोरनी के जंगल के पास एक सेना का ड्रोन तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त होकर गिर गया। ग्रामीणों ने आसमान से वस्तु गिरते देख पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद सेना की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर ड्रोन के मलबे को रिकवर कर लिया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुई है और स्थिति सामान्य है। चंडीमंदिर थाना पुलिस के अनुसार वीरवार दोपहर करीब 1 से 2 बजे के आसपास की बताई जा रही है। भूड गांव के पास स्थित सेना के प्रशिक्षण केंद्र से ट्रायल उड़ान भरकर ड्रोन इस क्षेत्र की तरफ आ गया। तकनीकी खराबी आने के कारण जंगल में गिर गया। ग्रामीणों के अनुसार ड्रोन गांव से करीब आधा किलोमीटर दूर जंगल में गिरा। गांव सुखा बास निवासी पवन कुमार ने आसमान से किसी वस्तु को गिरते हुए देखकर पुलिस को सूचित किया।



**कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)**

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्त्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार/ सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री शमशेर सिंह सुश्री मीना रानी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10453031) | कुंजपुरा बसंती कॉलोनी गांव कुंजपुरा, तहसील व जिला करनाल, हरियाणा, भारत पिन कोड-132022 में स्थित किल्ला नं. 2 (7-7) में निहित खेवट नं. 127, खतौनी नं. 138 में से सम्पत्ति, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 405, 403, 322 | रु. 442828/- रुपये चार लाख बयालीस हजार आठ सौ अठाईस | 09-04-2025 | 09/03/2026 |
| श्री रामलखन सुश्री पूजा श्री शिव नाथ (प्रोस्पैक्ट नं. IL10484186) | गांव लबकारी, तहसील इन्द्री, जिला करनाल, हरियाणा-132054-भारत में स्थित यू.आई.डी. नं. 59180EG0M0S00RR0396A सहित प्लॉट/मकान, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 602.00, 514.00, 411.00 | रु. 302114/- रुपये तीन लाख दो हजार एक सौ चौदह केवल | 19-07-2025 | 09/03/2026 |
| श्री वीर सिंह श्रीमती फुलपती (प्रोस्पैक्ट नं. IL10716126) | प्लॉट/मकान जिसका एलजीडी नं. 604172175, यू.आई.डी. नं. 604170WPAS1000R2175B गांव नेहला, भुना, फतेहाबाद, हरियाणा-125111, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1322.00, 1199.00 | रु. 554249/- रुपये पांच लाख चव्वन हजार दो सौ उनचास केवल | 25-10-2025 | 09/03/2026 |
| श्रीमती सोनम श्री हरपाल हरपाल किराना शॉप (प्रोस्पैक्ट नं. IL10776453) | गांव व तहसील बरवाला, जिला हिसार, हरियाणा, भारत 125121 में स्थित खेवट नं. 6991 खतौनी नं. 7764 खसरा नं. 1956//1/2(0-5) में निहित सम्पत्ति, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1361.00, 750.00, 600.00 | रु. 433020/- रुपये चार लाख तैंतीस हजार बीस केवल | 09-09-2025 | 09/03/2026 |
| श्री सतपाल श्रीमती कृष्णा देवी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10780569) | प्लॉट/मकान यू.आई.डी. नं. 608400070EV1M1S20RR070A, गांव चबरवाल, आदमपुर, हिसार, हरियाणा-125053, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 3461.00, 1063.00 | रु. 450945.95/- रुपये चार लाख पचास हजार नौ सौ पैंतालीस केवल | 25-10-2025 | 09/03/2026 |
| श्री नर सिंह श्रीमती दया रानी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10789268) | प्लॉट/मकान यू.आई.डी. नं. 57752NS1B1000R0009A, गांव झिनवार हेड़ी, यमुनानगर, हरियाणा-135133, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1867.00, 911.00 | रु. 324231/- रुपये तीन लाख चौबीस हजार दो सौ इकत्तीस केवल | 04-11-2025 | 09/03/2026 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एसकरनाल – एससीओ-408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 13.03.2026 — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में गांव बडोपट्टी में आईटीआई का निर्माण (जीएसटी के बिना)। | 11.03.2026 01.04.2026 | 1646.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 2 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | ऐलनाबाद कस्बा :- डीआई स्पेशल, स्लूइस वॉल्व, एनआरवी, आर्मर्ड केबल, रॉ वाटर में केबल ट्रे की आपूर्ति फिक्सिंग व स्थापना, नहर आधारित जलघर ऐलनाबाद के लिए बुढ़ीमेरी में पम्पिंग स्टेशन और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। एसएच. हैड :- जलापूर्ति योजना ऐलनाबाद कस्बा का संवर्धन। 'एस/एस टैंकों का निर्माण, मौजूदा जलघर संरचनाओं की मरम्मत और दक्षिणी घग्गर नहर से मौजूदा जलघर तक नई वाटर कैरियर (800 मिमी आई/डी डी.आई. राइजिंग मेन) बिछाना।' | 10.03.2026 17.03.2026 | 23.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 3 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | कक्षा I-XII के लिए ड्यूअल डेस्क्स की अधिप्राप्ति के लिए वार्षिक दर अनुबंध की व्यवस्था करने हेतु निविदा। | 12.03.2026 10.04.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 4 | सिविल सर्जन कैथल | जिला कैथल के लिए ऑर्थो इम्प्लांट्स की खरीद। | 12.03.2026 23.03.2026 | ईएमडी 50000 | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 drugstorektl@gmail.com |
| 5 | सिविल सर्जन कैथल | जिला नागरिक हस्पताल कैथल में डिलीवरी केसों को जेएसएसके डाइट। | 12.03.2026 23.03.2026 | ईएमडी 50000 | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 drugstorektl@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव मकड़ानी में ग्राम सचिवालय का निर्माण। | 05.03.2026 16.03.2026 | 56.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in — पीआरडीएच-11/2026/160/43767/I/88/6 दि. 12.03.26

खबर संक्षेप

## दिग्विजय के काफिले की गाड़ी से बुजुर्ग घायल



**हांसी।** जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला के जन्मदिन पर हांसी में 13 मार्च को होने वाली रैलीस्थल का जायजा लेने पहुंचे जेजेपी नेता दिग्विजय चौटाला के काफिले की एक गाड़ी से हांसी-जींद रोड पर स्कूटी सवार बुजुर्ग की टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही बुजुर्ग सड़क पर जाकर गिरे और बेहोश हो गए। इसके बाद जेजेपी वर्करों ने ही उन्हें संभाला और उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बुजुर्ग की पहचान हांसी की दयाल सिंह कॉलोनी निवासी 65 वर्षीय बसाऊदिन के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि वे कोर्ट की तरफ जा रहे थे। जब वह गाड़ियों को क्रास कर रहे थे तो अचानक एक गाड़ी में बैठे व्यक्ति ने गेट खोल दिया, जिससे वे चोटिल हो गए। उनके सिर, छाती और पसलियों में चोट लगी है और उसे सांस तक लेने में दिक्कत हो रही है। वहीं, दिग्विजय चौटाला का कहना है कि उनकी गाड़ियों से टक्कर नहीं हुई। बुजुर्ग रॉन्ग साइड आ रहे थे। हमारे वर्करों ने बुजुर्ग को संभाला और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

### वार्षिक आय 3 लाख रुपये से ज्यादा होने पर कट जाती है पेंशन

# बुढ़ापा पेंशन कटने के डर से किसान नहीं करवा रहे फसल पंजीकरण

- 24 हजार से ज्यादा किसानों ने अभी तक नहीं करवाया फसल पंजीकरण

सुरेन्द्र असीजा ▶▶ फतेहाबाद

प्रदेश सरकार ने जब से बुढ़ापा पेंशन के लिए न्यूनतम आय सीमा तय की है, तब से हजारों किसानों को बुढ़ापा पेंशन कटने का डर सता रहा है। प्रदेश सरकार ने बुढ़ापा पेंशन के लिए न्यूनतम 3 लाख रुपये सालाना आय तय की है। यदि किसी की आय 3 लाख से ज्यादा है तो उसकी बुढ़ापा पेंशन कट सकती है। इसके अलावा वह बीपीएल परिवारों को मिलने वाली अन्य सुविधाओं से भी वंचित रह सकते हैं। यही वजह है कि अब बुजुर्ग किसान भी मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर अपनी फसल का पंजीकरण करवाने से कतरा रहे हैं। अब तक रबी की फसल के लिए जिले में 24 हजार किसानों ने अपना पंजीकरण नहीं करवाया है। ऐसे में वह किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं व सरसों की फसल नहीं बेच पाएंगे। ऐसे किसान निजी व्यापारियों को फसल बेचने को मजबूर होंगे। बता दें कि मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण की अंतिम तिथि 28 फरवरी थी। किसानों का मानना है कि वे न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 3 लाख रुपये से अधिक की फसल बेचेंगे तो उनका नाम बीपीएल श्रेणी से हट सकता है, जिससे राशन कार्ड और बुढ़ापा पेंशन जैसी सुविधाएं बंद हो सकती हैं। पिछले कई महीनों में जिले के कई बुजुर्ग किसानों की पेंशन अचानक रुक गई है। जब उन्होंने समाज कल्याण विभाग से जानकारी ली तो बताया कि उन्होंने फसल ज्यादा मूल्य की बेची है और उनकी वार्षिक आय निर्धारित सीमा से ऊपर हो गई। किसानों का कहना है कि इस स्थिति ने उन्हें असमंजस में डाल दिया है। अब वे तय नहीं कर पा रहे कि अपनी मेहनत की फसल बेचें या सरकारी लाभ बचाएं।

### किसान पशोपेश में, पेंशन बचाएं या फसल बेचें

जिले में अनेक ऐसे किसान हैं जिनकी पीपीपी में आय निर्धारित सीमा से अधिक है। जब भी बुजुर्ग पीपीपी में आय कम करवाने के लिए क्रिड ऑफिस में गए तो वहां से उन्हें निराश वापस लौटना पड़ा। समाधान शिविर में भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। अब जिन किसानों के पास खेती योग्य जमीन है तो उन्हें फसल बेचने के लिए मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। किसान अब पशोपेश में है कि वह फसल बेचने के लिए पंजीकरण करवाएं या नहीं। पंजीकरण करवाते हैं तो पीपीपी में आय अधिक हो जाएगी और पेंशन कट जाएगी और पंजीकरण नहीं करवाते तो एमएसपी पर फसल नहीं बेच सकते।

### जे फार्म कटते ही किसान के खाते में आते हैं पैसे

किसान को फसल बेचने के लिए मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना होता है। मंडी में मार्किट कमेटी द्वारा बॉयोमीट्रिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद किसान का टोकन काटा जाता है। इसके बाद ही किसान आढ़ती के माध्यम से खरीद एजेंसियों को अपनी फसल बेचता है। फसल बिकते ही आढ़ती मार्केट कमेटी से उसका ऑनलाइन जे फार्म कटवाता है। जैसे ही किसान का जे फार्म कटता है, उसकी पेमेंट किसान के खाते में जमा हो जाती है। इससे यह राशि किसान की आय में जुड़ जाती है।

### पेंशन से आय की शर्त हटाएं

बुढ़ापा पेंशन बुजुर्गों का सहारा होती है। इस पेंशन को आय की सीमा से बाहर किया जाना चाहिए। वहीं सरकार अगर फसलों की एमएसपी पर खरीद कर रही है तो इसको आय में न जोड़ें। किसान के खर्च को भी आय माना जा रहा है।
-विष्णुदत्त, जिला प्रधान किसान सभा।

क्रिड विभाग की ओर से बुढ़ापा पेंशन के लिए सालाना आय तीन लाख और बीपीएल परिवार के लिए 1.80 लाख निर्धारित की है। ऐसे में जिन बुजुर्गों की पेंशन व राशन कार्ड कट गया है वह क्रिड विभाग के कार्यालय में जानकारी ले सकता है।
- सुरेश कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, क्रीड, फतेहाबाद।

### सीआरएसयू जींद में भ्रष्टाचार की आशंका

# अंकों से छेड़छाड़ पर तीन प्रोफेसरों व क्लर्क पर केस

- फाइन आर्ट विभाग में इंटरनल मार्क्स में गोलमाल का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सीआरएसयू फाइन आर्ट विभाग में विद्यार्थियों के अंकों से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। सदर थाना पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर फाइन आर्ट विभाग के अध्यक्ष समेत तीन प्रोफेसर तथा एक क्लर्क के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

पुराना बस अड्डा जींद निवासी रिचा तथा कुछ अन्य छात्रों ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि सीआरएसयू के सेशन 2024 तथा 25 में फाइन आर्ट के सेकेंड ईयर के पहले सेमेस्टर के इंटरनल मार्क्स में उनके साथ भारी गड़बड की गई है। इसी प्रकार हिस्ट्री के कुछ छात्रों के साथ हुआ है। जिन छात्रों की उपस्थिति बहुत कम रही, उन्हें ज्यादा अंक दिए गए, जबकि ज्यादा उपस्थिति वाले छात्रों को कम नंबर दिए गए हैं। इसमें रुपयों की लेनदेन भी रहा और सिफारिश भी रही है। इस पर अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। राज्यपाल के पास भी शिकायत गई। बाद में तत्कालीन विभागाध्यक्ष डॉ. जसबीर सूरा ने कार्रवाई करते हुए क्लर्क सुनीता को बदल दिया। मामले की जांच एडीसी के पास पहुंची। जांच के दौरान मार्क लिस्ट पर फ्लूड लगाकर छेड़छाड़ की बात सामने आई। सभी आरोपियों ने खुद को सही बताते हुए एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ा। जांच रिपोर्ट के आधार पर सदर थाना पुलिस ने तत्कालीन विभागाध्यक्ष डॉ. जसबीर सूरा, डॉ. अनूपम भाटिया, डॉ. भावना व क्लर्क सुनीता के खिलाफ धोखाधड़ी व पद का दुरुपयोग करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चार पर केस दर्ज

सदर थाना के जांच अधिकारी भगवत दयाल ने बताया कि शिकायत के आधार पर सीआरएयू के तीन प्रोफेसर समेत चार कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## जिप मीटिंग में उप प्रधान व पार्षद में चले लात-मुक्के और बाहर डंडे



**रोहतक।** जिप बैठक के दौरान एक-दूसरे पर हमला करते पार्षद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला परिषद रोहतक की वीरवार को हुई मीटिंग उस समय जंग का मैदान बन गई, जब उप प्रधान अनिल हुड्डा और पार्षद धीरज मलिक के बीच तीखी बहस के बाद हाथापाई हो गई। दोनों के बीच लात-घूंसे चलने लगे। गाली-गलौज के साथ ही देख लेने की भी धमकी दी गई। बैठक में मौजूद अन्य पार्षदों और अधिकारियों ने हस्तक्षेप करते हुए दोनों को अलग किया। मीटिंग के बाद दोनों पक्षों में बाहर आकर फिर डंडे चले। बताया जा रहा है कि बैठक के दौरान विकास कार्यों और ग्रांट को लेकर चर्चा चल रही थी। इसी दौरान वार्ड में विकास न होने के आरोप भी लगे। इसी दौरान उपप्रधान अनिल हुड्डा और पार्षद धीरज मलिक के बीच गर्मागर्मी के बाद मारपीट हो गई।

## भात के लिए छुट्टी पर आए अग्निवीर और बहन की कार पलटने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



लाडवा-यमुनानगर हाईवे पर बुधवार रात्रि करीब 8 बजे हुए हादसे में 22 साल के अग्निवीर जवान और उसकी 11 साल की चचेरी बहन की मौत हो गई। हादसे में उसका 13 साल का भतीजा अभि गंभीर रूप से घायल हो गया। लाठी-धनौरा गांव के बीच किसी दूसरी कार की टक्कर से उनकी कार बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा टूटकर 10 फुट दूर जाकर गिरा। इसके बाद कार खेत में जाकर पलटकर गई। मृतक की पहचान आर्यन और कनिका शर्मा निवासी बडौदा के रूप में हुई। आर्यन को अपनी बुआ के घर भात भरना था। उसी के लिए आर्यन सिक्किम बॉर्डर से पांच दिन पहले छुट्टी लेकर आया था। आर्यन करीब 2 साल पहले सेना में भर्ती हुआ था। उधर, 11 साल की कनिका अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी। आर्यन को गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई दी गई।

### संघ की वार्षिक राष्ट्रीय बैठक समालखा में आज से

# डॉ. भागवत से मिले सीएम तैयारियों का जायजा लिया



**पानीपत।** मुख्यमंत्री नायब सैनी का स्वागत करते हुए भाजपा नेता।

- तीन दिन चलेगा आयोजन, देशभर से करीब 1487 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गुरुवार को हेलीकॉप्टर से पानीपत जिले के समालखा में गांव पट्टीकल्याणा स्थित माधव सृष्टि परिसर पहुंचे। मुख्यमंत्री सैनी ने माधव सृष्टि परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 13 मार्च से शुरू होने जा रही अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया व पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह से बैठक की और सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक लिया।

स्मरणीय है कि माधव सृष्टि केंद्र में 13 से 15 मार्च तक चलने वाली तीन दिवसीय बैठक संघ की साल की सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण बैठक है। इसमें देशभर से करीब 1487 प्रतिनिधि हिस्सा लेने पहुंचे हैं। इधर, मुख्यमंत्री सैनी ने सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत से मिलकर बैठक की रूपरेखा पर चर्चा की। वहीं, सीएम सैनी का पट्टीकल्याणा पहुंचने पर भाजपा के जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, मेयर कोमल सैनी, सांसद प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा आदि ने स्वागत किया।


भारत सरकार का लक्ष्य, हर अन्नदाता समृद्ध

सत्यमेव जयते
भारत सरकार



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी
के द्वारा
पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त के तहत 9 करोड़ 32 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में ₹18 हज़ार 640 करोड़ से अधिक की सम्मान राशि सीधे ट्रांसफर

13 मार्च 2026 | सायं 5:00 बजे | ज्योति-बिष्णु अंतरराष्ट्रीय संस्कृति केन्द्र, खानापारा, गुवाहाटी, असम

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना

अब तक किसानों को मिली ₹4 लाख 9 हज़ार करोड़ से अधिक की सम्मान राशि

विश्व की सबसे बड़ी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) योजनाओं में से एक

किसानों को सालाना ₹6000 की सहायता

पीएम किसान के 85% से अधिक लाभार्थी छोटे और सीमांत किसान

पीएम किसान के हर 4 लाभार्थियों में एक महिला लाभार्थी

पिछले 12 वर्षों में कृषि में अभूतपूर्व उपलब्धियाँ

- 150+ मिलियन टन के साथ भारत बना विश्व का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश
- खाद्यान्न उत्पादन 252 मिलियन टन से बढ़कर 357 मिलियन टन से अधिक हुआ
- बागवानी फसलों का उत्पादन 277 मिलियन टन से बढ़कर 369 मिलियन टन हुआ, साथ ही भारत आम, अमरूद, मैंगोस्टीन, केला और पपीता का विश्व में सबसे बड़ा उत्पादक
- दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के अंतर्गत पंजीकृत इच्छुक किसानों से तुअर, उड़द और मसूर की MSP पर खरीद सुनिश्चित
- 2026–27 के केंद्रीय बजट में AI आधारित राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म 'भारत VISTAAR' की घोषणा, जिससे खेती से जुड़ी जानकारी, सेवाएं और सलाह किसानों तक सीधे एवं सरल भाषा में उपलब्ध होंगी
- ₹26 लाख करोड़ से अधिक से MSP पर गेहूं, धान, कपास, दलहन और तिलहन फसलों की खरीद की गई
- ₹15 लाख 50 हज़ार करोड़ की उर्वरक सब्सिडी से किसानों को सही समय और किफायती दामों पर खाद की आपूर्ति
- कृषि ऋण का प्रवाह ₹8 लाख 45 हज़ार करोड़ से बढ़कर हुआ ₹28 लाख 69 हज़ार करोड़, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिल रहा मजबूत प्रोत्साहन
- पीएम फसल बीमा योजना के तहत प्राकृतिक आपदा में हुए नुकसान की भरपाई हेतु किसानों को लगभग ₹2 लाख करोड़ का भुगतान
- कृषि बजट में अभूतपूर्व वृद्धि ₹27 हज़ार करोड़ से बढ़कर अब हुआ ₹1 लाख 40 हज़ार करोड़ से अधिक

बीज से बाजार तक हर कदम पर किसानों के साथ, भारत सरकार

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज़ या डीडी किसान चैनल पर देखें
किसान कॉल सेंटर 1800-180-1551 (6 AM - 10 PM)
कार्यक्रम का सीधा प्रसारण pmindiawebcast.nic.in पर देखा जा सकता है
फॉलो करें
भारती, किसानों का नया एआई चैटबॉट अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 155261

CBC 01102/13/0012/2526

## तेल बाजार में अचानक हलचल, आईईए ने लिया फैसला, ईरान ने दी कीमत बढ़ाने की चेतावनी

# आईईए के 32 देशों ने किया 400 मिलियन बैरल तेल बाजार में उतारने का ऐलान

एजेंसी ▸▸| वाशिंगटन।

ईरान युद्ध के कारण पूरी दुनिया में बढ़ी पेट्रोल की कीमतों को कम करने के लिए इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी के 32 सदस्य देशों ने बड़ा फैसला लेते हुए 400 मिलियन बैरल तेल बाजार में उतारने का ऐलान किया है। यह आईईए के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा ऑयल रिलीज माना जा रहा है।

आईईए के फैसले से कच्चे तेल की कीमत में गिरावट आने की उम्मीद है। फिलहाल सदस्य देशों के पास करीब 1.2 अरब बैरल कच्चे तेल का रणनीतिक भंडार मौजूद है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनका प्रशासन ईरान युद्ध के कारण बढ़ी पेट्रोल की कीमतों को कम करने के लिए अमेरिका के 'स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व' का इस्तेमाल करेगा। सिनसिनाटी में एक स्थानीय चैनल को दिए इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा, "हम ऐसा करेंगे और फिर बाद में इसे फिर से भर देंगे। अभी हम इसे थोड़ा कम करेंगे और इससे कीमतें नीचे आएंगी। गौरतलब है कि 'स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व' कच्चे तेल का वह आपातकालीन भंडार है, जिसे अमेरिकी सरकार किसी बड़े भू-राजनीतिक संकट, युद्ध या आपूर्ति रुकने की स्थिति में इस्तेमाल के लिए भूमिगत गुफाओं में जमा करती है।




### तेल कीमतों पर पड़ सकता है असर

विशेषज्ञों के मुताबिक अगर यह तेल जल्द बाजार में उतारा गया तो कच्चे तेल की कीमतों में राहत मिल सकती है। हाल ही में कच्चे तेल का भाव 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था। फिलहाल वैश्विक स्तर पर करीब 20 मिलियन बैरल प्रतिदिन सप्लाई बाधित होने का अनुमान है, जबकि आईईए के सदस्य देश एक महीने में लगभग 100 मिलियन बैरल तेल बाजार में उतारने की योजना बना रहे हैं। इसके तहत रोजाना करीब 3.3 मिलियन बैरल तेल जारी किया जा सकता है।

**बैठक में सर्वसम्मति से पास हुआ प्रस्ताव :** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सभी 32 देशों ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव का समर्थन किया। अगर एक भी देश वीटो कर देता तो यह प्रस्ताव पारित नहीं हो पाता। आईईए का मुख्यालय पेरिस में स्थित है और यह वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को स्थिर रखने के लिए सदस्य देशों के साथ मिलकर रणनीतिक फैसले लेती है।

**अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी :** इस बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड करीब 4.58% बढ़कर 91.82 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड लगभग 4.73% की तेजी के साथ 87.40 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है।

### ईरान बोला- 200 डॉलर प्रति बैरल के लिए तैयार रहें

एक ओर जहां तेल की बढ़ती कीमतों को काबू में रखने के लिए आईईए ने बड़ा कदम सुझाया है वहीं मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच ईरान ने वैश्विक तेल बाजार को लेकर बड़ी चेतावनी दी है। ईरान के सैन्य कमान के प्रवक्ता इब्राहिम जोलफाखरी का कहना है कि मौजूदा हालात जारी रहे तो दुनिया को 200 डॉलर प्रति बैरल तक तेल की कीमतों के लिए तैयार रहना पड़ सकता है। इस बयान से अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार में चिंता और बढ़ गई है। ईरान ने कहा कि तेल की कीमतें क्षेत्रीय सुरक्षा पर निर्भर करती हैं और मौजूदा हालात बेहद अस्थिर हैं।

### आईईए का रिकॉर्ड रिलीज

*इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी ने भी बड़ा फैसला लिया है। इसके 32 सदस्य देशों ने मिलकर रिकॉर्ड 400 मिलियन बैरल तेल अपने इमरजेंसी रिजर्व से बाजार में उतारने का ऐलान किया है। यह अब तक का सबसे बड़ा समन्वित रिलीज है। अमेरिका इसमें सबसे बड़ा हिस्सा 172 मिलियन बैरल निकालेगा, जबकि जापान और यूरोपीय देश भी अपने रिजर्व से तेल निकालेंगे। इससे पहले वर्ष 2022 में रूस–यूक्रेन के दौरान आईईए ने लगभग 182 मिलियन बैरल तेल जारी किया था।*

## ईरान पर हमले और स्ट्रेट हॉफ होर्मुज में माइंस बिछाने की खबरों से दहशत

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय शेयर बाजार में 12 मार्च को भारी उतार-चढ़ाव के बीच तेज गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। आज सेंसेक्स 829 अंक की गिरावट के साथ 76,034.42 अंकों के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 227 अंक फिसलकर 23,639.15 अंकों के स्तर पर बंद हुआ है। मिडकैप शेयरों में भी पूरे दिन उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। निफ्टी मिडकैप 50 मार्केट बंद होने तक 69 अंक की गिरावट के साथ 15,922.20 अंक पर बंद हुआ। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के कारण निवेशकों का भरोसा कमजोर पड़ा। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक इस गिरावट के पीछे चार बड़े कारण रहे। मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष को लेकर आ रहे विरोधाभासी संकेतों ने बाजार में अनिश्चितता बढ़ा दी है।

## पीआईबी चंडीगढ़ के पत्रकार प्रतिनिधिमंडल ने बीएसएफ की गतिविधियों का किया अवलोकन



**जोधपुर/चंडीगढ़।** पीआईबी चंडीगढ़ द्वारा राजस्थान दौरे पर गए पत्रकार प्रतिनिधिमंडल ने आज सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा लोंगेवाला, तनोट तथा सीमा क्षेत्र में संचालित विभिन्न परियोजनाओं और गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सीमा क्षेत्र में सुरक्षा, प्रशिक्षण तथा सामरिक तैयारियों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। बीएसएफ अधिकारियों ने सीमा क्षेत्र में कार्य करने की विशेष परिस्थितियों और उसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पीआईबी के पत्रकार प्रतिनिधिमंडल ने बीएसएफ की विभिन्न पहल, नवाचार, स्थानीय समुदायों के साथ समन्वय तथा सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस दौरान पत्रकार दल ने लोंगेवाला युद्ध स्थल एवं संग्रहालय का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने तनोट में सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों से मुलाकात की और तनोट माता मंदिर के इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की। जैसलमेर स्थित ऐतिहासिक श्री मातेश्वरी तनोट राय मंदिर का अद्भुत इतिहास है। ऐसी मान्यता है कि तनोट माता जवानों को दुश्मनों से लड़ने की शक्ति देती हैं और युद्ध के दौरान देश की रक्षा करती हैं।

## एसीएमई ग्रीनटेक ने बिजली आपूर्ति के लिए दो समझौते किए

**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी एसीएमई सोलर होल्डिंग्स की इकाई एसीएमई ग्रीनटेक सेवंथ प्राइवेट लिमिटेड ने फर्म एंड डिस्पैचेबल रिन्यूएबल एनर्जी पावर प्रोजेक्ट के तहत 450 मेगावाट बिजली की आपूर्ति के लिए एसजेवीएन लिमिटेड के साथ दो बिजली खरीद समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। कंपनी बयान के अनुसार ये समझौते दो मार्च को 25 वर्ष की अवधि के लिए किए गए।

## रेलवे स्टेशनों पर इंडक्शन माइक्रोवेव का इस्तेमाल करें

**नई दिल्ली।** देश में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कमी की आशंका के बीच इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन ने रेलवे स्टेशनों पर चलने वाली खान-पान सेवाओं को लेकर नई एडवाइजरी जारी की है। मिडिल ईस्ट संकट का असर तेल के बाद गैस पर भी पड़ रहा है, जिससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है। आईआरसीटीसी की एडवाइजरी के तहत रेलवे स्टेशनों पर मौजूद कैटरिंग यूनिट्स और स्टॉल संचालकों को गैस की कमी से निपटने के लिए सतर्क रहने की अपील की गई है। अगर गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में बाधा आती है, तो वैकल्पिक उपाय अपनाने के निर्देश दिए गए हैं। आईआरसीटीसी ने कैटरिंग संचालकों को 'रेडी टू ईट' फूड का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने के निर्देश भी दिए हैं।

**उत्तर रेलवे**

**प्रथम शुद्धिपत्र**

"महाराजा एक्सप्रेस एसी कोचों की छत पर लगे एसी पैकेज यूनिट (RMPU) का नवीनीकरण, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग, साथ ही इन्हें रेफ्रिजरेंट R-22 से रेफ्रिजरेंट R-407c प्रणाली और महाराजा एक्सप्रेस कोचों के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए माइक्रोप्रोसेसर कंट्रोलर यूनिट में उन्नयन करना, जिसमें जरूरी बदलने योग्य वस्तुओं का प्रतिस्थापन शामिल है।" के काम के लिए निविदा समापन तिथि, जिसे दिनांक **13.03.2026** को खोला जाना था, को प्रशासनिक कारणों से संशोधित किया गया है और अब दिनांक **17.03.2026** को खोला जाएगा। संशोधनों वाली निविदा सूचना आगे के उपयोग के लिए वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। ऊपर उल्लिखित को छोड़कर, निविदा की अन्य नियम और शर्तें समान रहेंगी।

सं.: 56/डब्ल्यू/इलेक्ट/25–26/टी/20/महाराजा एक्सप्रेस 847/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## वायदा बाजार में चांदी 2.73 लाख रुपये प्रति किलो के पार



**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच बृहस्पतिवार को वायदा कारोबार में चांदी की कीमत 1.77 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,73,240 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर मई में आपूर्ति वाले चांदी के अनुबंध का भाव 4,749 रुपये या 1.77 प्रतिशत चढ़कर 2,73,240 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया। इसमें 5,924 लॉट का कारोबार हुआ। बाजार सहभागियों द्वारा नए सौदे किए जाने से चांदी की कीमतों में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई। वैश्विक बाजार में भी चांदी की कीमतों में तेजी रही। कॉमेक्स पर चांदी का वायदा भाव 0.79 डॉलर या 0.92 प्रतिशत की बढ़त के साथ 89.53 डॉलर प्रति औंस हो गया।

### गोल्ड में आएगा बड़ा उछाल!

## एक्सपर्ट बोले- 3 लाख तक जा सकता है भाव

**नई दिल्ली।** कुछ साल पहले तक 10 ग्राम सोने का भाव 3 लाख रुपये तक पहुंचने की बात कल्पना जैसी लगती थी लेकिन अब कई वैश्विक मार्केट एक्सपर्ट मानते हैं कि बदलती आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियों के कारण आने वाले वर्षों में सोने की कीमतें नई ऊंचाइयों तक जा सकती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत 10,000 डॉलर प्रति औंस तक पहुंचती है, तो भारत में 10 ग्राम सोने का भाव करीब 2.7 लाख से 3.1 लाख रुपए के बीच हो सकता है। सोने की कीमतों में संभावित इस तेजी के पीछे कई बड़े वैश्विक कारण बताए जा रहे हैं, जिनमें बढ़ता वैश्विक कर्ज, भू-राजनीतिक तनाव और डॉलर पर घटता भरोसा शामिल है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले कुछ वर्षों में सोने की कीमतों में मजबूती देखी जा सकती है। कुछ विश्लेषकों का अनुमान है कि अगर मौजूदा रुझान जारी रहा तो 2029 तक सोना 10,000 डॉलर प्रति औंस के स्तर तक पहुंच सकता है।

# आयुर्वेदिक अनुसंधान को मिली एक नवीन दिशा



**■ पतंजलि में अत्याधुनिक ज़ेब्राफ़िश और ड्रोसोफिला अनुसंधान प्रयोगशाला का उद्घाटन**

**हरिद्वार।** भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान के समन्वय के उद्देश्य से कार्यरत पतंजलि अनुसंधान संस्थान द्वारा आज एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपलब्धि प्राप्त करते हुए अत्याधुनिक जेब्राफिश और ड्रोसोफिला अनुसंधान प्रयोगशाला का औपचारिक उद्घाटन, संस्थान के मार्गदर्शक, धन्वन्तरि स्वरुप, आयुर्वेद को विश्व पटल पर स्थापित करने वाले प्रतिष्ठित वैज्ञानिक आचार्य बालकृष्ण द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने इस उपलब्धि को और भी विशेष बना दिया। यह जेब्राफिश और ड्रोसोफिला प्रयोगशाला आधुनिक जैव-चिकित्सीय अनुसंधान के क्षेत्र मंप एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जोकि औषधीय पौधों और आयुर्वेदिक औषधियों के वैज्ञानिक मूल्यांकन को नई दिशा प्रदान करेगी। मनुष्यों से आनुवंशिक समानता के कारण जेब्राफिश और ड्रोसोफिला जैव चिकित्सा अनुसंधान में एक शक्तिशाली मॉडल जीव के रूप में उभरी हैं। जेब्राफिश की प्रारंभिक विकास के चरण में पारदर्शी संरचना और तीव्र प्रजनन क्षमता और ड्रोसोफिला मक्खियों के छोटे जीवन चक्र के कारण यह जीव डिसीज मेकेनिज्म, टॉक्सिकोलॉजी और दवा खोज अनुसंधान के लिए अत्यंत उपयोगी माने जाते हैं। इस अवसर पर संबोधित करते हुए आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि भारत की प्राचीन आयुर्वेदिक परंपरा में अपार ज्ञान का भंडार है, जिसे आधुनिक वैज्ञानिक पद्धतियों के माध्यम से प्रमाणित करना समय की आवश्यकता है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने 50 करोड़ डॉलर का ऋण जुटाया

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने गिफ्ट सिटी स्थित अपने अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र बैंकिंग इकाई के माध्यम से 50 करोड़ डॉलर का पांच साल का ऋण जुटाया है। इस ऋण में एशिया के प्रमुख बाजारों के निवेशकों ने भागीदारी की। यह करीब एक वर्ष के अंतराल के बाद वैश्विक कर्जदाताओं के समूह के ऋण बाजार में बैंक की वापसी को दर्शाता है। इस तरह का ऋण एक ऐसी वित्तीय व्यवस्था है जिसमें ऋणदाताओं का एक समूह (जिसे सिंडिकेट कहा जाता है) मिलकर एक ही उधारकर्ता को बड़ी राशि का ऋण प्रदान करता है।

## अब हर जीबी डेटा के लिए जेब होगी ढीली, सरकार नया टैक्स लाने की तैयारी में...!

**नई दिल्ली।** भारत में अब सस्ता इंटरनेट बीते जमाने की बात हो सकती है। केंद्र सरकार भविष्य में इंटरनेट डेटा के इस्तेमाल पर नया टैक्स लगाने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई हालिया बैठक में इस अहम प्रस्ताव पर चर्चा हुई है। यदि यह योजना लागू होती है, तो मोबाइल और ब्रॉडबैंड यूजर्स को हर जीबी डेटा की खपत पर अतिरिक्त शुल्क चुकाना पड़ सकता है। इस फैसले का सीधा असर आपके मासिक रिचार्ज और डेटा प्लान्स की कीमतों पर पड़ेगा। भारत वर्तमान में दुनिया के उन देशों में शामिल है जहाँ डेटा की कीमतें सबसे कम हैं। कम कीमतों की वजह से देश में डेटा की खपत और औसत स्क्रीन टाइम बहुत बढ़ गया है। सरकार का मुख्य उद्देश्य इस डेटा के उपयोग को अधिक सार्थक और रचनात्मक बनाना है।

**COURT NOTICE**
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
**IN THE COURT OF Sh. Manoj Kumar Rana ADSJ, Additional District and Sessions Judge, Jhajjar**
Raj Singh alias Rajiv S/o Manmohan S/o Sheo Ram
Vs.
Lekh Ram S/o Shri Chand S/o Bihari
**CNR No. HRJR01-004666-2023**
**Next Date:-25-03-2026**
**PUBLICATION ISSUED TO:**
8. Smt. Poonam D/o Rajender S/o Shri Chand, Village Chhuchhakwas, Tehsil Matanhail District Jhajjar, 11. Sh. Kartar S/o Ram Kishan S/o Moti,, 12. b) D/o Meenakhsi Sh. Mukhtiar S/o Ram Kishan,, 14. Sh. Tej Singh S/o Ram Kishan S/o Moti, 15. Smt. Chander Kala D/o Ram Kishan S/o Moti, 17. Sh. Sachin, 19. Sh. Ram Chander (deceased), S/o Sh. Moti Ram S/o Sh. Bhagat Ram through his legal heirs 19. a) Vijaypal s/o Ram Chander S/o Moti Ram, 20. c) Sunil, d). Urmila Ds/o, 21. d) Namta D/o Lal Singh S/o Sh. Dod Ram, S/o Bhagat Ram all residents of village Chamanpura and landlord at Islamgarh, District Jhajjar.
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 25-03-2026 at 10:00 a.m.
For demite logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Jhajjar*
**Sd/- (Manoj Kumar Rana), Additional District and Sessions Judge, Jhajjar**
Dated, this of 07-03-2026

**दी महम सहकारी चीनी मिल लि., महम, जिला रोहतक**

**सामान्य सभा की सूचना**

दी महम सहकारी चीनी मिल लि., महम के समस्त अंशधारकों को सूचित किया जाता है कि मिल की सामान्य सभा की बैठक दिनांक 27.03.2026 को प्रातः 11.00 बजे मिल प्रागंण में होनी सुनिश्चित हुई है। अतः मिल के सभी अंशधारकों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त तिथि, समय व स्थान पर पहुँचकर बैठक में हिस्सा लेना सुनिश्चित करें।

हस्ता/- प्रबन्ध निदेशक

**उपायुक्त महेन्द्रगढ़ स्थित नारनौल**

**विज्ञापन**

उपायुक्त महेन्द्रगढ स्थित नारनौल को जनगणना 2027 के कार्य हेतू टैक्नीकल असिस्टैन्ट/MTS की आवश्यकता है। अतः रजिस्टर्ड सर्विस प्रोवाईडर जो अपनी सेवा देना चाहते हैं वे दिनांक 17.03.2026 को सांय 3:00 बजे तक अपनी निविदाएं जिला राजस्व अधिकारी नारनौल के कार्यालय की एस०के० शाखा में जमा करवायें। उक्त कार्य से सम्बन्धित Terms & Conditions साईट mahendergarh.gov.in से एवं उक्त कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं। उक्त निविदाएं दिनांक 18.03.2026 को कार्यालय में प्रातः 12:00 बजे जिला राजस्व अधिकारी नारनौल में खोली जायेंगी।

कृते/- उपायुक्त महेन्द्रगढ
स्थित नारनौल

पीआरडीएच 1029/11/725/2026/43790/88/6 दि. 12.03.2026

## अक्जोनोबेल का नाम हुआ 'जेएसडब्ल्यू डुलेक्स'

**नई दिल्ली।** पेंट और कोटिंग बनाने वाली कंपनी अक्ज़ोनोबेल इंडिया का नाम बदलकर अब 'जेएसडब्ल्यू डुलक्स' हो गया है। कंपनी को कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय से इसके लिए आवश्यक मंजूरी मिल गई है। जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने 10 दिसंबर, 2025 को एक शेयर खरीद समझौते के तहत अक्ज़ोनोबेल इंडिया में 60.76 प्रतिशत की बहुलांश हिस्सेदारी हासिल की थी।

ऊपर वाले से मिला वरदान
मेरे पास है हर समाधान
करो प्रेमिका / पति मुट्ठी में
जो व्यक्ति वास्तव में परेशान है, वो ही फोन करें।
गुरू कबीर जी रजि.
की जुबान पत्थर की लकीर है।
आपकी हर समस्या का समाधान
जैसे:- शादी, कारोबार, पढ़ाई में रुकावट, सास बहु, मिया बीवी में अनबन, सौतन, दुश्मन नाश, ग्रह क्लेश, बेटा / बेटी / पति - पत्नी किसी के वश में कहना न मानता हो, पशु, फसल में नुकसान, कोर्ट-कचहरी मुकदमा जैसी सभी समस्याओं का गारन्टीड समाधान। पाँच मिनट में समाधान
एक फोन करो समाधान पाओ
9711428545
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मनचाहा प्यार

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खंड कार्यालय तोशाम में रिहायशी क्वार्टर की कंडम बिल्डिंग की नीलामी दिनांक 17.03.2026 को प्रातः 11 बजे खंड कार्यालय तोशाम में सरेआम बोली करवाई जाएगी। इच्छुक बोली दाता निर्धारित स्थान व समय पर पहुंच कर बोली दे सकते है। बोली दाता को बोली देने से पहले 20,000/-धरोहर राशि जमा करनी होगी। अन्य सभी शर्तें मोके पर सुना दी जाएंगी।

अमित कुमार, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, तोशाम

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी हिसार | ऊन ग्रेडिंग सह विपणन केन्द्र हिसार के कार्यालय भवन का पुनरोद्धार (डिपॉजिट वर्क)। | 02.03.2026 18.03.2026 | 27,29,315/- | https://etenders.hry.nic.in | 9896031646 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/43781/I/88/6 दि. 12.03.26

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका बावल प्राणपुरा रोड पर अपनी खाली पड़ी 13 दुकानें व नजदीक गर्ल्स स्कूल 1 दुकान को खुली बोली द्वारा दिनांक 20.03.2026 को दोपहर 12 बजे नगरपालिका कार्यालय बावल में किराये पर छोडना चाहती है। जिसकी नोन रिफण्डेबल सिक्योरिटी राशि 400000/- रूपये, नयून्तम किराया 7000/- रूपये रखा गया है। बोलीदाता को 1,00,000/ रूपये (एक लाख रूपये) बतौर प्रतिभूति राशि बोली से पूर्व जमा करानी होगी। बाकी शर्ते नगरपालिका कार्यालय बावल में किसी भी कार्यदिवस में आकर देख सकते हैं।

- हस्ता- — - हस्ता-
सचिव — प्रधान
नगरपालिका बावल — नगरपालिका बावल

## राशिफल

**मेष:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या:** मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें।

**तुला:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**धनु:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर:** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## शब्द पहेली - 6163




**बाएँ से दाएँ**
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा –4
3.उद्देश्य,ध्येय–4
8.सयाना,चतुर–4,3
10.मनुष्य–3
11.मोल,दाम–3
13.बैठने का स्थान–3
15.दौड़ना (अंग्रेजी–2)
17.पराजित–2
18.वध,कत्ल–2
19.काव्यकार,शायर–2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि–3
25.आक्रमण,प्रहार–3
26.पालतू जानवर–3
27.ईश्वर,भगवान–7
30.ईश्वरीय कृपा–4
31.भयभीत होना, डरना–4

**ऊपर से नीचे**
2.असुर,दैत्य–3
4.गागर,घड़ा–3
5.मन की करना–4
6.प्रार्थना,ईश वंदना–4
7.चरित्र,ईमान–3
8.कार्यविधि–3
9.रेखा,लाईन–3
12.माला का मोती–3
13.राहत,विश्राम–3
14.कैनाल,उपनदी–3
16.नगद राशि–3
20.रुदन –3
22.पक्षियों का शोर–4
23.मध्यांग, कटि–3
24.12 राशियों का समूह–4
25.महल,बड़ा भवन–3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ–3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे–3

### शब्द पहेली- 6162 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | | म | त | वा | ला |
| ह | रा | | त | | का | म | ना | | दा | वा |
| न | | बे | र | ह | म | | ना | रा | | रि |
| शी | ल | वा | न | | या | द | | नी | र | स |
| ल | | प | | ख | ब | र | ची | | न | |
| ता | र | न | हा | र | | का | न | भ | र | ना |
| | म | | र | ह | ब | र | | यं | | प |
| प्र | ण | य | | रा | हु | | ब | क | वा | स |
| ति | | दा | स | | बे | क | रा | र | | न्द |
| का | न | | चि | रा | ग | | म | | क | हो |
| र | म | जा | न | | म | द | द | क | र | ना |



## चिंतन

# संकट नहीं पर घरेलू गैस को लेकर अधीर हो रहे लोग

अमेरिका-इजराइल और ईरान के युद्ध का असर अब पूरी दुनिया पर दिखने लगा है। अमेरिका से लेकर यूरोप और जापान से लेकर चीन और भारत में तेल के दाम 100 डॉलर से ऊपर पहुंच गए हैं। तेल के दाम सीधे तौर पर आम आदमी की जेब पर असर डाल रहे हैं। भारत अपनी ऊर्जा जरूरत का बड़ा हिस्सा बाहर से मंगाता है, इसलिए हम पर दबाव अधिक है। हाल के वर्षों में सरकार ने अपने ऊर्जा आयात का विविधिकरण किया है, इसके बावजूद गैस का एक बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से ही आता है। होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़े खतरे की वजह से इस संकरे समुद्री मार्ग से टैंकरों का गुजरना खासा मुश्किल हो गया है। ईरान के साथ वार्ता के बावजूद अभी यह सौ फीसदी सुनिश्चित नहीं हो सका है कि भारतीय गैस टैंकर इस मार्ग से सुरक्षित आ सकेंगे या नहीं। दावा किया जा रहा है कि ईरान ने भारतीय झंडे वाले जहाजों को यहां से गुजरने की अनुमति दे दी है। इसके बावजूद स्थिति को लेकर संदेह बना हुआ है। भारत ने अपनी तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस से बड़ी मात्रा में तेल खरीदना शुरू कर दिया है। इसने देश में पेट्रोल व डीजल के संकट को लेकर आशंकाओं को खारिज कर दिया है। लेकिन, रसोई गैस बड़ी समस्या बनकर उभर रही है। सरकार ने व्यावसायिक उपयोग की रसोई गैस को लेकर कटौती की घोषणा की है, लेकिन घरेलू उपयोग की गैस 100 फीसदी उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने का भरोसा दिया है। इसके बावजूद लोगों की आशंकाओं ने ऐसी स्थिति उत्पन्न कर दी है, जैसे देश में घरेलू रसोई का संकट उत्पन्न हो गया हो। हालांकि, कुछ हद तक कालाबाजारी की खबरों ने लोगों को अधीर बना दिया है। जनता हर हाल में अपनी रसोई को गैस संकट से सुरक्षित करना चाहती है। तत्काल जरूरत न होते हुए भी लोग तुरंत ही दूसरा सिलेंडर भरवा लेना चाहते हैं। यही भावना गैस एजेंसियों पर भीड़ लगवा रही है। इससे ही यह संदेश जा रहा है कि देश में घरेलू गैस का संकट हो गया है। जबकि स्थिति ऐसी नहीं है। संसद में भी एलपीजी कमी के आरोपों पर सरकार व विपक्ष में टकराव देखने को मिला। हालांकि केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ऐसी किसी भी कमी से साफ इनकार किया। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि पिछले पांच दिनों में एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है और देश में आपूर्ति सामान्य है। उन्होंने विपक्ष पर अफवाह फैलाने और झूठा नैरेटिव बनाने का आरोप लगाया। पुरी ने यह भी कहा कि भले ही भारत का पश्चिम एशिया के संघर्ष में कोई सीधा रोल नहीं है, लेकिन इसके असर से देश को निपटना पड़ रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहा युद्ध दूरगामी प्रभाव डालने वाला है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की नींव उसकी ऊर्जा सुरक्षा होती है। यही नहीं, कई विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कथित कमी को लेकर प्रदर्शन किया और सरकार से जवाब मांगा। कमर्शियल सिलेंडरों की कमी से देश के कई क्षेत्रों में होटल, मेस और ढाबे या तो बंद हो गए हैं या बंद होने वाले हैं। कई जगहों पर लकड़ी व कोयले की मांग भी बढ़ी है। कुल मिलाकर हालात चुनौतीपूर्ण तो हैं, लेकिन धैर्य से हर परेशानी दूर हो सकती है।



आर्थिकी
अनिरुद्ध प्रताप सिंह

# कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से चुनौती

कच्चे तेल की कीमतों में अचानक तेज बढ़ोतरी ने भारत की अर्थव्यवस्था के सामने एक नई चुनौती पैदा कर दी है। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच जाती है तो भारत जैसे बड़े आयातक देश के लिए इसका असर बहुत गहरा होता है। साल की शुरुआत में जहां कच्चा तेल लगभग 60 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था, वहीं कुछ ही महीनों में इसकी कीमत लगभग दोगुनी हो गई है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। ऐसे में अगर सप्लाई प्रभावित होती है तो ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा असर पड़ सकता है। भारत के सबसे बड़ी समस्या फिलहाल पर्याप्त मात्रा में तेल और गैस की व्यवस्था करना है।

कच्चे तेल की कीमतों में अचानक तेज बढ़ोतरी ने भारत की अर्थव्यवस्था के सामने एक नई चुनौती पैदा कर दी है। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच जाती है तो भारत जैसे बड़े आयातक देश के लिए इसका असर बहुत गहरा होता है। साल की शुरुआत में जहां कच्चा तेल लगभग 60 डॉलर प्रति बैरल के आसपास था, वहीं कुछ ही महीनों में इसकी कीमत लगभग दोगुनी हो गई है। भारत रोजाना लगभग 50 लाख बैरल कच्चा तेल आयात करता है। इसलिए कीमतों में इस तरह की बढ़ोतरी का सीधा मतलब है कि देश को तेल आयात पर पहले से कहीं ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ेगा। इससे आयात बिल बढ़ेगा, चालू खाता घाटा बढ़ सकता है। इसका रुपये पर भी दबाव दिखाई दे रहा है। पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध और तनाव ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। इस क्षेत्र से भारत को बड़ी मात्रा में तेल और गैस की आपूर्ति होती है।

अगर युद्ध लंबा खिंचता है और समुद्री मार्ग बाधित होते हैं, तो ऊर्जा आपूर्ति में गंभीर रुकावट आ सकती है। भारत के लिए यह एक चिंता का विषय है, क्योंकि देश के पास तेल और गैस के बड़े भंडार नहीं हैं। भारत अपनी जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। ऐसे में अगर सप्लाई प्रभावित होती है तो ऊर्जा सुरक्षा पर सीधा असर पड़ सकता है। भारत के सबसे बड़ी समस्या फिलहाल पर्याप्त मात्रा में तेल और गैस की व्यवस्था करना है। खास तौर पर फारस की खाड़ी के महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग स्ट्रेट आफ होर्मुज के बंद होने से स्थिति और गंभीर हो गई है। यह दुनिया का एक अहम तेल परिवहन मार्ग है, जहां से भारत के कुल आयातित तेल और गैस का लगभग 45 से 50 प्रतिशत हिस्सा आता है। अगर यहां से जहाजों की आवाजाही प्रभावित होती है तो भारत को अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए वैकल्पिक स्रोत खोजने पड़ेंगे। खबर है कि फिलहाल लगभग 30 मिलियन बैरल रूसी तेल समुद्र में जहाजों पर मौजूद है, जिसे खरीदा जा सकता है। लेकिन यह मात्रा भारत की विशाल ऊर्जा जरूरतों के मुकाबले बहुत कम है। भारत निश्चित रूप से रूस से और अधिक तेल खरीदने की कोशिश कर सकता है। हालांकि युद्ध की स्थिति में इसकी कीमत भी बढ़ सकती है। अगर विकसित देशों का समूह जी-7 अपने आपातकालीन तेल भंडार बाजार में जारी करता है तो वैश्विक सप्लाई थोड़ी बढ़ सकती है और कीमतों पर कुछ नियंत्रण आ सकता है। फिलहाल स्थिति अनिश्चित बनी हुई है और यह कहना मुश्किल है कि आने वाले समय में ऊर्जा की उपलब्धता कितनी स्थिर रहेगी। भारत सरकार भी इस चुनौती को समझ रही है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि सरकार देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठा रही है। इसके बावजूद निकट भविष्य में कई उद्योगों को तेल और गैस की सीमित उपलब्धता का सामना करना पड़ सकता है। खास तौर पर औद्योगिक इकाइयों को मिलने वाली गैस की आपूर्ति में कटौती की संभावना जताई जा रही है। हालांकि सरकार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि घरेलू उपयोग, पाइप्ड नेचुरल गैस और वाहनों के लिए सीएनजी जैसी प्राथमिक सेवाओं को पर्याप्त गैस मिलती रहे। एक और बड़ा सवाल यह है कि क्या पेट्रोल




और डीजल की कीमतें बढ़ाई जाएंगी। फिलहाल सरकार के सामने राजनीतिक और आर्थिक दोनों तरह की चुनौतियां हैं। कई राज्यों में चुनाव नजदीक होने के कारण सरकार तुरंत पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं करना चाहेगी। अगर अंतरराष्ट्रीय कीमतों में आई बढ़ोतरी को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाता है तो इससे महंगाई बढ़नी तय है। सरकार कोशिश कर सकती है कि कुछ समय तक इस बोझ को खुद वहन करे और तेल विपणन कंपनियों को होने वाले घाटे की भरपाई करे। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होता है तो उससे आयातित वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ जाती हैं। वैश्विक आर्थिक माहौल भी इस समय काफी अस्थिर है। पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह से निवेशक सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर बढ़ रहे हैं।

ऐसे समय में अमेरिकी डॉलर को सुरक्षित मुद्रा माना जाता है, इसलिए इसकी मांग बढ़ जाती है। परिणामस्वरूप डॉलर मजबूत होता है। अमेरिकी सरकारी बॉन्ड की यील्ड भी बढ़ रही है, क्योंकि निवेशकों को डर है कि ऊर्जा कीमतों से पैदा हुई महंगाई के कारण अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ब्याज दरों को लंबे समय तक ऊंचा बनाए रख सकता है। भारत में इस स्थिति का सबसे स्पष्ट असर रुपये पर दिखाई दे रहा है। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और डॉलर की मजबूती के कारण भारतीय मुद्रा कमजोर हो गई है। हाल ही में रुपया डॉलर के मुकाबले लगभग 92.33 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया था। अगर युद्ध और वैश्विक तनाव लंबे समय तक जारी रहता है तो रुपये पर और दबाव पड़ सकता है। कमजोर रुपया भारत के लिए दोहरी समस्या पैदा करता है। पहला, इससे आयात और महंगे हो जाते हैं। दूसरा, विदेशी निवेशकों का भरोसा भी कम हो सकता है। जब रुपये की कीमत गिरती है, तो विदेशी निवेशक भारतीय शेयर बाजार और बॉन्ड बाजार से पैसा निकालने लगते हैं। हाल के दिनों में भारतीय शेयर बाजार में गिरावट का एक कारण यही रहा है। अगर विदेशी निवेश लगातार बाहर जाता है तो इससे पूंजी बाजार में अस्थिरता बढ़ सकती है और निवेशकों का विश्वास कमजोर पड़ सकता है। इसके अलावा कंपनियों के लिए विदेशी कर्ज चुकाना भी महंगा हो जाता है। तेल की ऊंची कीमतों का असर सिर्फ वित्तीय बाजारों तक ही सीमित नहीं रहने वाला, बल्कि इसका असर उत्पादन और औद्योगिक गतिविधियों पर भी साफ दिखाई देगा। पेट्रोकेमिकल, परिवहन, उर्वरक, और बिजली उत्पादन जैसे कई उद्योग सीधे तौर पर तेल और गैस पर निर्भर होते हैं। जब ऊर्जा की लागत बढ़ती है तो इन उद्योगों के उत्पादन खर्च में भी वृद्धि होती है। इससे या तो कंपनियों के मुनाफे कम होते हैं या फिर वे कीमतें बढ़ाकर इसका बोझ उपभोक्ताओं पर डाल देती हैं। इस तरह हम देखते हैं कि तेल की बढ़ती कीमतें पूरी अर्थव्यवस्था की गति को धीमा कर सकती हैं। उत्पादन महंगा होने से कंपनियां निवेश कम कर सकती हैं और आर्थिक विकास की रफ्तार भी धीमी पड़ सकती है। कुल मिलाकर, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें भारत के लिए कई स्तरों पर चिंता का कारण बन सकती हैं। ऊर्जा आपूर्ति की अनिश्चितता, बढ़ता आयात बिल, महंगाई का दबाव, कमजोर होता रुपया और विदेशी निवेश में कमी-ये सभी कारक मिलकर आर्थिक स्थिरता को प्रभावित कर सकते हैं। आने वाले समय में यह काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगा कि पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष कितने दिन चलता है और वैश्विक तेल बाजार किस दिशा में जाता है। अगर स्थिति जल्दी सामान्य होती है, तो दबाव कम हो सकता है, लेकिन अगर तनाव लंबे समय तक बना रहता है, तो भारत को अपनी ऊर्जा रणनीति और आर्थिक नीतियों में कई बड़े कदम उठाने पड़ सकते हैं।

*( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
अरविंद जयतिलक



# अनिद्रा से बिगड़ता स्वास्थ्य

आज विश्व निद्रा दिवस है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में नींद के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। मानव स्वास्थ्य व सेहत के लिए पर्याप्त निद्रा बेहद आवश्यक है। याद होगा कि गत वर्ष पहले फिलिप्स वार्षिक वैश्विक सर्वेक्षण की रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि दुनिया भर में तकरीबन 10 करोड़ लोग अनिद्रा की बीमारी से ग्रसित हैं। दुनिया के 13 देशों (संयुक्त राष्ट्र अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटेन, पोलैंड, फ्रांस, भारत, चीन आस्टलिया, कोलंबिया, अर्जेंटीना, मैक्सिको, ब्राजील और जापान) के 15 हजार से अधिक व्यस्कों पर किए गए इस सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया कि 80 प्रतिशत से अधिक लोग अनिद्रा बीमारी से अनभिज्ञ हैं जबकि 30 प्रतिशत लोग नींद लेने और उसे बनाए रखने में दिक्कत महसूस करते हैं। इस रिपोर्ट से यह भी उद्घाटित हुआ था कि देश की राजधनी दिल्ली में 67 प्रतिशत, कोलकाता में 60 प्रतिशत, बेंगलुरु में 59 प्रतिशत तथा चेन्नई 58 प्रतिशत लोग अनिद्रा के शिकार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में तकरीबन 19 प्रतिशत वयस्कों ने स्वीकार किया कि सामान्य नींद के समय के साथ काम के घंटों का अतिव्यापित होना अनिद्रा का एक प्रमुख कारण है। इसी तरह 32 प्रतिशत वयस्कों ने स्वीकार किया कि प्रौद्योगिकी भी एक प्रमुख नींद विकर्षण है। अमेरिका की राष्ट्रीय निद्रा फाउंडेशन के मुताबिक 30-40 प्रतिशत अमेरिकी वयस्कों का कहना है कि उनमें अनिद्रा के लक्षण हैं। चिकित्सकों का कहना है कि अनिद्रा के कारण कई तरह की बीमारियां पनपती हैं और जीवन प्रत्याशा कम होने की भी संभावना बढ़ जाती है। 16 अध्ययनों के एक विश्लेषण में 10 लाख से अधिक प्रतिभागियों और 112,566 मौतों के अंतर्गत नींद की अवधि और मृत्युदर के बीच के संबंधों की जांच में पाया गया कि जो लोग रात में सात से आठ घंटे सोते थे, उनकी तुलना में कम सोने वाले व्यक्तियों में मृत्यु का खतरा 12 प्रतिशत ज्यादा होता है। हाल ही में एक अन्य अध्ययन में 38 सालों से सतत निद्रा और मृत्यु दर के प्रभावों की जांच में पाया गया है कि सतत अनिद्रा से ग्रसित लोगों की मौत का जोखिम 97 प्रतिशत अधिक होता है। अनिद्रा का दुष्परिणाम यह होता है कि व्यक्ति में हीनता बढ़ती है और उसकी याददाश्त कमजोर पड़ने लगती है। उसमें चिड़चिड़ापन इस हद तक बढ़ जाता है कि वह सामाजिक रूप से मिलना-जुलना बंद कर देता है। साथ ही थके होने और पर्याप्त नींद न लेने के कारण वाहन दुर्घटनाओं की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। भारत की बात करें तो यहां 66 प्रतिशत लोगों ने स्वीकार किया है कि अनिद्रा के कारण उनका स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती प्रभावित होने के साथ-साथ मानसिक अवसाद बढ़ा है।

उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले ही खुलासा कर चुका है कि भारत में मानसिक अवसाद के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं जिनके कई कारणों में से एक कारण अनिद्रा भी है। गत वर्ष पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी शीर्षक 'डिप्रेशन एवं अन्य सामान्य मानसिक विकार-वैश्विक स्वास्थ्य आकलन' रिपोर्ट में कहा जा चुका है कि अन्य देशों के मुकाबले भारत और चीन अवसाद से बुरी तरह प्रभावित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में मानसिक अवसाद से ग्रस्त लोगों की संख्या सर्वाधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में अवसाद से प्रभावित लोगों की कुल संख्या 32.2 करोड़ है, जिसमें 50 प्रतिशत सिर्फ भारत और चीन में ही हैं। इस रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ कि अवसाद के अलावा भारत और चीन में चिंता भी बड़ी समस्या है। भारत एवं अन्य मध्य आय वाले देशों में आत्महत्या के सबसे बड़े कारणों में से एक चिंता भी है। देश में बढ़ते अवसाद को ध्यान में रखकर ही केंद्र सरकार द्वारा संसद में मानसिक स्वास्थ्य देखरेख विधेयक पर मुहर लगाई जा चुकी है। इसमें मानसिक अवसाद से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य देखरेख एवं सेवाएं प्रदान करने एवं ऐसे व्यक्तियों के अधिकारों का संरक्षण करने का प्रावधान है। चूंकि भारत अशक्त लोगों के अधिकारों के संबंध में संयुक्त राष्ट्र संधि का हस्ताक्षरकर्ता है लिहाजा उसकी जिम्मेदारी भी थी कि वह इस प्रकार के प्रभावी कानून गढ़ने की दिशा में आगे बढ़े। भारत ने इस दिशा में कदम बढ़ा सामुदायिक स्तर पर अधिकतम स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की रचनात्मक और स्वागत योग्य पहल तेज कर दी है। अच्छी बात यह है कि दुनिया भर में 77 प्रतिशत लोगों ने अवसाद और बिगड़ते स्वास्थ्य से उबरने के लिए अपनी नींद में सुधार की कोशिश की है। भारत में 45 प्रतिशत वयस्कों ने ध्यान और योग करने की कोशिश की है, जबकि 24 प्रतिशत लोगों ने अच्छी नींद लेने और उसे बनाए रखने के लिए विशेष बिस्तर को अपनाया है। उचित होगा कि सरकार और स्वयंसेवी संस्थाएं कुछ इस तरह के कार्यक्रम गढ़ें, जिससे कि लोगों में अच्छी नींद के प्रति जागरूकता बढ़े और वे संतुलित दिनचर्या के प्रति आकर्षित हों।

*( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# जहां भी खोजोगे वहां प्रीतितत्व को ही पाओगे



संकलित
**दर्शन**

कोई आदमी धन कमाने में लगा है, धन तो ऊपर की बात है, भीतर तो प्रीति से ही जी रहा है, धन से उसकी प्रीति है। कोई आदमी पद के पीछे पागल है, पद तो गौण है, प्रतिष्ठा की प्रीति है। जहां भी खोजोगे, तो तुम प्रीति को ही पाओगे। पापी में और पुण्यात्मा में, तुम एक ही तत्त्व को एक साथ पाओगे, वह तत्त्व प्रीति है। फिर प्रीति किससे लग गई, उससे भेद पड़ता है। धन से लग गई तो तुम धन ही होकर रह जाते हो। ठीकरे हो जाते हो। कागज के सड़े-गले नोट होकर मरते हो। जिससे प्रीति लगी, वही हो जाओगे। यह बड़ा बुनियादी सत्य है, इसे हृदय में संभाल कर रखना। प्रीति महंगा सौदा है, हर किसी से मत लगा लेना। जिससे लगाई वैसे ही हो जाओगे। वैसा होना हो तो ही लगाना। प्रीति का अर्थ ही यही होता है कि मैं यह होना चाहता हूं। राजनेता गांव में आया और तुम भीड़ करके पहुंच गए, फूलमालाएं सजा कर, किस बात की खबर है? कोई संगीत सुनता है तो धीरे-धीरे उसकी चेतना में संगीत की छाया पडऩे लगती है। तुम जिससे प्रीति करोगे वैसे हो जाओगे, जिनसे प्रीति करोगे वैसे हो जाओगे। तो प्रीति का तत्त्व रूपांतरकारी है। प्रीति का तत्त्व भीतरी रसायन है। और बिना प्रीति के कोई भी नहीं रह सकता। प्रीति ऐसी अनिवार्य है जैसे श्वास। जैसे शरीर श्वास से जीता, आत्मा प्रीति से जीती। इसलिए अगर तुम्हारे जीवन में कोई प्रीति न हो, तो तुम आत्महत्या करने को उतारू हो जाओगे। या कभी तुम्हारी प्रीति का सेतु टूट जाए, तो आत्महत्या करने को उतारू हो जाओगे।

# गुरु की संगति से ही पाया जा सकता है परमात्मा



संकलित
**प्रेरणा**

जिसने परमात्मा को प्राप्त कर लिया, तो समझो उसने सब कुछ प्राप्त कर लिया। इसके लिए प्राप्ति के लिए अब शेष कुछ नहीं रह जाता। अब जिन्होंने परमात्मा को नहीं पाया उन्होंने कुछ भी नहीं पाया, लेकिन यह बात ध्यान में रहे कि परमात्मा पाया जाता है गुरु प्रताप साध की संगति से और कोई उपाय नहीं। अद्वैत भाव एक परम गुण है। अद्वैत भाव कुछ ऐसी कला है, जिसमें थकान नहीं है मानो हम जहां भी देखें, चाहे जर्रा हो, चाहे पत्ते हों,चाहे चंदन के पेड़ हों, चाहे पत्थर हों,चाहे गंगा का जल हो, सूरज का तेज हो, चांद की शीतलता हो,कलियों की कोमलता हो, फूलों का सौंदर्य हो, जहां भी नजर डालो सद्गुरु की कृपा से अपनी आंखों से इन सभी से जल्दी से पर्दा हटा कर इसको देख लें। फिर धीरे-धीरे हमारी आंखें ही पर्दा उठाने की कला सीख जाएंगी और फिर ऐसा समय भी आएगा जब हमें पर्दा उठाना ही नहीं पड़ेगा, केवल नजर पड़ी और हम पर्दे के पार देखने लगे, क्योंकि अब हमें ज्ञान हो गया है कि सब जगह बस ईश्वर, परमात्मा की ही छवि विराजमान है। अपेक्षा जहां है वहीं दुःख की भी संभवना है और जहां अपेक्षा नहीं है, वहां विषाद का कोई खतरा नहीं है। अतः जिनसे मनुष्य को अपेक्षा है कि उसे प्रीति मिलेगी पत्थर नहीं,उनसे यदि फूल भी फेंका गया, तो घाव का एहसास होगा ही। घाव फूल के कारण नहीं लगता फूल बेचारा कैसे घाव लगा सकता है? घाव लगता मनुष्य की अपेक्षा से और जितनी बड़ी अपेक्षा होगी,घाव भी उतना ही गहरा मिलेगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### असंगठित बल को संगठित करने की पहल

हमारे देश में संगठित क्षेत्र में औपचारिक रूप से पंजीकृत वो व्यवसाय आते हैं, जो श्रम कानूनों का पालन करते हैं, नौकरी की सुरक्षा और सामाजिक लाभ प्रदान करते हैं। जबकि असंगठित क्षेत्र में अनौपचारिक व्यवसाय शामिल हैं, जिनमें बहुत कम या कोई विनियमन नहीं है, अक्सर नौकरी की सुरक्षा, लाभ और कानूनी सुरक्षा का अभाव रहता है। असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 के अंतर्गत घरों में काम करने वाले श्रमिक, स्व-नियोजित श्रमिक या असंगठित क्षेत्र में मजदूरी करने वाले श्रमिक असंगठित क्षेत्र के दायरे में आते हैं। संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए कई अधिनियम लागू किए जा चुके हैं। असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों के आंकड़े एकत्रित करने और उनके नि:शुल्क पंजीकरण के लिए प्रयास हुए हैं।

*-आतिश गौतम, रोहतक*

## ट्रेंड

### सबको बोलने का अवसर



प्रतिपक्ष के सदस्यों को आवंटित समय से अधिक बोलने का अवसर मिला है। मेरी हमेशा कोशिश रहती है कि चाहे देर रात्रि तक बैठना पड़े, लेकिन हर सदस्य को बोलने का अवसर मिले। कोई भी सदस्य जो बोलना चाहते हों, और मैंने अवसर नहीं दिया, ऐसा एक भी उदाहरण नहीं है।

**- ओम बिरला, लोस अध्यक्ष**

### अविश्वास प्रस्ताव नहीं



हम भी विपक्ष में रहे हैं, तीन बार लोकसभा के स्पीकर पर अविश्वास का प्रस्ताव आया, मगर भारतीय जनता पार्टी और एनडीए विपक्ष में रहते हुए कभी लोकसभा स्पीकर पर अविश्वास का प्रस्ताव नहीं लाए।

**-गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय पर्यटन मंत्री**

### विकास बजट जारी



विकसित दिल्ली का संकल्प तभी साकार होगा, जब दिल्ली की हर विधानसभा में विकास की समान गति दिखाई दे। इसी लक्ष्य के साथ हर विधानसभा के लिए विशेष विकास बजट जारी किया जा रहा है, ताकि सड़क, पानी, स्वच्छता, आदि नागरिक सुविधाओं के कार्य तेज़ी से पूरे हो सकें।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### घरेलू गैस की किल्लत



जब देश भारी संकट से जूझ रहा होता है तो प्रधानमंत्री मोदी चुनावी दौरों में मशगूल होते हैं। देशभर में घरेलू गैस की भारी कमी है। अनेक छोटे-बड़े उद्योग भाजपा की विफलता का ख़ामियाज़ा भुगतने पर मजबूर हैं। पर सरकार के पास कोई जवाब नहीं।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## करंट अफेयर

# पाक किसका, जो कर्ज दे उसका सऊदी अरब पहुंचे शहबाज



पाकिस्तान के रुख को लेकर माना जा रहा है कि पाकिस्तान ने सिर्फ अपने कर्ज के हित को देखते हुए सऊदी अरब का साथ दिया है। इसके अलावा शिया और सुन्नी वाला विवाद भी अहम है। पाक नहीं चाहता कि वह शिया मुल्क ईरान के साथ बहुत ज्यादा दिखे, जबकि सुन्नी देश सऊदी अरब के साथ रहना आंतरिक राजनीति में भी फायदा देगा। पाकिस्तान अकसर इस्लामिक एकता की बातें करता है। अब जबकि ईरान पर अमेरिका और इजरायल ने हमले किए हैं तो इस संघर्ष में सऊदी अरब भी अमेरिकी पाले में है। ऐसे हालात में पाकिस्तान ने इस्लामिक एकता की कोई दुहाई नहीं दी है और सीधे तौर पर सऊदी अरब के साथ दिख रहा है। यहां उसने ना तो सऊदी अरब को इस्लामिक एकता की सीख दी और ना ही ईरान से समझौते की अपील की। उसने सीधे तौर पर सऊदी अरब का साथ दिया है और पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ खुद ही इस्लामिक मुल्क पहुंच गए हैं। इससे पहले पाकिस्तान ने सऊदी अरब की सुरक्षा चिंता पर बात की थी। उसके इस रुख को लेकर माना जा रहा है कि पाकिस्तान ने सिर्फ अपने कर्ज के हित को देखते हुए सऊदी अरब का साथ दिया है। इसके अलावा शिया और सुन्नी वाला विवाद भी अहम है।

## ऑफ बीट

# ऋषिकेश स्थित श्रीलक्ष्मण मंदिर का अद्भुत माहात्म्य



हिमालय की पावन गोद में अवस्थित ऋषिकेश का तपोवन क्षेत्र केवल एक भौगोलिक स्थल नहीं, बल्कि भारतीय आध्यात्मिक चेतना का जीवंत केंद्र है। उत्तराखंड में गंगा के पावन पश्चिमी तट पर स्थित लक्ष्मण झूला और समीपस्थ श्रीलक्ष्मण मंदिर का माहात्म्य पुराणों में अत्यंत श्रद्धा और गौरव के साथ वर्णित है। 'ते वै रघुवरश्रेष्ठा भाग्यवन्तो भवन्ति हि' अर्थात जो भक्त तपोवन में आकर लक्ष्मण जी को प्रणाम करते हैं, वे वास्तव में भाग्यवान होते हैं, यह उद्घोष इस क्षेत्र की आध्यात्मिक गरिमा को स्पष्ट करता है। स्कंद पुराण के अनुसार, भगवान स्कंद ने नारद जी से कहा कि यद्यपि अनेक तीर्थ ऐसे हैं, जिनके स्मरण मात्र से पापों का क्षय हो जाता है तथापि ऋषिकेश स्थित तपोवन एक ऐसा दिव्य क्षेत्र है जो मानो मुक्ति का खुला द्वार है। यहां विधिपूर्वक श्राद्ध करने से पितृगण सदा तृप्त रहते हैं। सौमित्रि तीर्थ, जिसे लक्ष्मण तीर्थ भी कहा जाता है, में स्नान करने से वाजपेय यज्ञ के तुल्य फल की प्राप्ति होती है। आगे शिव तीर्थों में स्नान करने वाला भक्त शिवलोक और ब्रह्मलोक को प्राप्त होता है। इस प्रकार तपोवन केवल एक तीर्थ नहीं, बल्कि लोक और परलोक के कल्याण का सेतु है। यह तीर्थ हमें सिखाता है कि भक्ति, तप और विनम्रता से ही मनुष्य अपने दोषों से मुक्त होकर परम शांति को प्राप्त कर सकता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# रियाल की मैनचेस्टर पर आसान जीत, पीएसजी ने चेल्सी को हराया

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

फेडेरिको वाल्वरडे की शानदार हैट्रिक की मदद से रियाल मैड्रिड ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट की दो दिग्गज टीमों के बीच खेले गए अंतिम 16 के पहले चरण के मुकाबले में मैनचेस्टर सिटी को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए अपनी स्थिति मजबूत कर ली। वाल्वरडे ने बर्नबेउ में खेले गए मैच के पहले हाफ में 20वें, 27वें और 42वें मिनट में गोल किए। उरुग्वे के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने चोटिल होने के कारण नहीं खेल पाने वाले किलियन एमबाप्पे, जूड बेलिंगहैम और रोड्रिगो की अनुपस्थिति में रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन रियाल मैड्रिड की जिम्मेदारी बखूबी संभाली।



### हमें कभी चुका हुआ मत समझना : कोच अल्वारो

रियाल मैड्रिड के कोच अल्वारो अर्बेलोआ ने ब्रॉडकास्टर मोविस्टार से कहा, ''हम रियाल मैड्रिड हैं। हमें कभी चुका हुआ समझने की गलती नहीं करें।'' यह जीत और भी शानदार हो सकती थी, लेकिन विनीसियस जूनियर दूसरे हाफ में पेनल्टी को गोल में नहीं बदल पाए। उनके शॉट को जियानलुइगी डोनारुम्मा ने बचा लिया। मैनचेस्टर सिटी को अगर अब क्वार्टर फाइनल में पहुंचना है तो उसे दूसरे चरण के मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

# आईपीएल-2026 : चुनाव की तारीखों के बाद जारी होगा दूसरे चरण का शेड्यूल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने स्पष्ट किया है कि इंडियन प्रीमियर लीग 2026 तय कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित होगा। लीग के पहले चरण का कार्यक्रम 28 मार्च से 12 अप्रैल तक रखा गया है, जिसकी घोषणा बुधवार को की गई। बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग द्वारा पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु में होने वाले विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद शेष कार्यक्रम सार्वजनिक किया जाएगा।

### चुनावों से किसी भी तरह न हो व्यवधान : राजीव शुक्ला



मीडिया से बातचीत में बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, आईपीएल तय कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित होगा। पहले चरण का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है और बाकी मुकाबलों का कार्यक्रम चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद जारी किया जाएगा। बीसीसीआई पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु में होने वाले विधानसभा चुनावों से किसी भी तरह के टकराव से बचना चाहता है। पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव भी प्रतियोगिता के कार्यक्रम को प्रभावित कर सकता है। ज्ञात हो कि आईपीएल 2026 का पहला चरण 28 मार्च, 2026 से 12 अप्रैल, 2026 तक खेला जाएगा। इस दौरान 3 राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं और चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद टूर्नामेंट का पूरा शेड्यूल घोषित किया जाएगा। पहले चरण के कुल 20 मैच बेंगलुरु, मुंबई, गुवाहाटी, न्यू चंडीगढ़, लखनऊ, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, अहमदाबाद और हैदराबाद में खेले जाने हैं। दोपहर के मैच 03:30 बजे से और शाम के मैच 07:30 बजे से शुरू होंगे।

### पहले चरण में 4 डबल-हेडर मुकाबले

घोषित कार्यक्रम के अनुसार लीग के पहले चरण में कुल 20 मुकाबले होंगे। इस दौरान 4 और 5 अप्रैल तथा 11 और 12 अप्रैल को 2-2 मुकाबले होंगे। पहले चरण में सभी 10 टीमों को 4-4 मुकाबले दिए गए हैं। राजस्थान रॉयल्स अपने 3 घरेलू मुकाबले गुवाहाटी में खेलेगी, जबकि 4 मैच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में होंगे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 2 मुकाबले रायपुर में होंगे और पंजाब किंग्स के 3 मैच धर्मशाला में होंगे।

## खबर संक्षेप



### श्रीलंका-अफगानिस्तान के बीच सीरीज कल से

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज की घोषणा की है। इस सीरीज में शुक्रवार 13 मार्च से 3 मैचों की टी-20 सीरीज और 20 मार्च से 3 मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। ये दोनों सीरीज यूएई में खेली जाएंगी। बता दें कि 2024 के बाद ये दोनों टीमें द्विपक्षीय सीरीज में आपस में भिड़ने के लिए तैयार हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सीईओ नसीब खान ने पहली बार श्रीलंका की मेजबानी को लेकर खुशी जताई। उन्होंने कहा, हम अपने इतिहास में पहली बार श्रीलंका की मेजबानी के लिए उत्सुक हैं। शुक्रवार 13 मार्च से शारजाह में पहला टी-20 मैच खेला जाएगा। इसके बाद 15 और 17 मार्च को टी-20 मुकाबले खेले जाएंगे। ये तीनों मुकाबले शारजाह में होंगे। इसके बाद 20 मार्च को होने वाले पहले मैच के साथ वनडे सीरीज की शुरुआत हो जाएगी। इसके बाद 22 मार्च और 25 मार्च को क्रमशः दूसरा और तीसरा वनडे खेला जाएगा। वनडे सीरीज के मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

### दबाव वाली परिस्थितियों में जिम्मेदारी लेना पसंद

**अहमदाबाद।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने टी20 विश्व कप में खिताब का बचाव करना अपने करियर के सबसे



संतोषजनक अनुभवों में से एक करार देते हुए कहा कि उन्हें दबाव वाली परिस्थितियों में जिम्मेदारी लेना अच्छा लगता है। बुमराह ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में चार विकेट लेकर भारत की 96 रन से जीत में अहम भूमिका निभाई। इससे भारत टी20 विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करने और तीन बार यह ट्रॉफी जीतने वाली पहली टीम बन गई।

### मिशन ओलंपिक सेल ने शीर्ष टेनिस खिलाड़ियों को दी वित्तीय मदद



**नई दिल्ली।** मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ियों युकी भांबरी और सुमित नागल के लिए गुरुवार को लगभग 30 लाख रुपये की वित्तीय सहायता स्वीकृत की, जबकि इस साल होने वाले एशियाई खेलों और डेविस कप के मुकाबलों की पुख्ता तैयारियों के लिए उदीयमान खिलाड़ी दक्षिणेश्वर सुरेश को टारगेट एशियाई खेल ग्रुप (टीएजीजी) में शामिल किया गया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के अंतर्गत आने वाले एमओसी की 169वीं बैठक के दौरान यह मंजूरी दी गई। वर्तमान में युगल में विश्व रैंकिंग में 23वें स्थान पर काबिज भांबरी को फरवरी और सितंबर 2026 के बीच अभ्यास और प्रतियोगिता कार्यक्रम के लिए 28.89 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी।

## दोनों टीमों के बीच होगी एक टेस्ट और तीन मैचों की वनडे सीरीज

# भारत और अफगानिस्तान सीरीज में फिर खेलते नजर आएंगे विराट और रोहित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अफगानिस्तान क्रिकेट टीम जून 2026 में भारत दौरे पर आएगी। टीम भारत में 3 मैचों की वनडे सीरीज और एकमात्र टेस्ट खेलेगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इसका पूरा शेड्यूल जारी कर दिया है। इस दौरे में कोई टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला नहीं होगा। 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप को देखते हुए यह वनडे सीरीज दोनों टीमों के लिए काफी अहम मानी जा रही है। विराट कोहली और रोहित शर्मा भी एक बार फिर खेलते हुए नजर आएंगे।

### ऐसा है सीरीज का शेड्यूल

एकमात्र टेस्ट मैच 6 जून को शुरू होगा। ये मुकाबला न्यू चंडीगढ़ स्टेडियम में सुबह 9:30 बजे से खेला जाएगा। वहीं, पहला वनडे मुकाबला धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में 14 जून को दोपह 1:30 बजे से शुरू होगा। दूसरा वनडे लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में 17 जून को होगा। ये मैच भी दोपहर 1:30 बजे से शुरू होगा। सीरीज का आखिरी वनडे मुकाबला चेन्नई में 20 जून को खेला जाएगा। ये मुकाबला भी डे-नाइट (1:30 बजे) का होगा।



### वनडे और टेस्ट में भारतीय टीम का पलड़ा रहा है भारी

भारत और अफगानिस्तान के बीच 4 वनडे खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम ने 3 मुकाबले अपने नाम किए हैं। 1 मैच में कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। दोनों टीमों के बीच आखिरी वनडे मुकाबला अक्टूबर 2023 में खेला गया था। उस मैच में भारतीय टीम को 8 विकेट से जीत मिली थी। दोनों टीमों के बीच सिर्फ 1 टेस्ट मैच साल 2018 में खेला गया था। उसे भारतीय टीम ने पारी और 262 रन से जीता था।

### जडेजा, बुमराह, शमी ने लिए सबसे ज्यादा विकेट

रविंद्र जडेजा ने 3 मैच की 3 पारियों में अफगानिस्तान के खिलाफ 16.28 की औसत से 7 विकेट लिए हैं। जसप्रीत बुमराह के नाम 13 की औसत से 6 विकेट है। मोहम्मद शमी के नाम भी 2 पारियों में 6 विकेट है।

### वनडे और टेस्ट में भारतीय टीम का पलड़ा रहा है भारी

अफगानिस्तान के खिलाफ रोहित-कोहली ने ठोके सबसे ज्यादा रन वनडे क्रिकेट में अफगानिस्तान के खिलाफ सबसे ज्यादा रन रोहित ने बनाए हैं। उनके बल्ले से 3 मैच की 3 पारियों में 75 की औसत से 150 रन निकले हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 127.11 की रही है। रोहित ने 1 शतक लगाया है और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 131 रन रहा है।कोहली ने 3 मैचों की 2 पारियों में 102.52 की स्ट्राइक रेट और 122 की औसत से 122 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 67 रन रहा है।




### न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज 15 से

ओवल। टी-20 विश्व कप 2026 में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम उपविजेता रही थी। भारत के खिलाफ फाइनल में हारकर कीवी टीम खिताब नहीं जीत सकी थी। अब न्यूजीलैंड की टीम दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ 15 मार्च से टी-20 सीरीज खेलेगी। प्रोटियाज टीम केशव महाराज की कप्तानी में चुनौती पेश करेगी। टी-20 विश्व कप में कप्तानी करने वाले एडेन मार्करम न्यूजीलैंड सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं हैं।
**ऐसी है दक्षिण अफ्रीका की टीम** : दक्षिण अफ्रीका की टीम में कॉनर एस्टरहुइजन, डियान फॉरेस्टर, जॉर्डन हरमन, ईथन बॉश और नकोबानी मोकोएना के रूप में 5 अनकैप्ड खिलाड़ियों को शामिल किया गया है।

## एटीपी मास्टर्स 1000

# भांबरी ने पहली बार बनाई सेमीफाइनल में जगह



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

भारत के युकी भांबरी ने स्वीडन के अपने साथी गोरान गोरानसन के साथ मिलकर सीधे सेटों में जीत दर्ज करके बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

यह पहला अवसर है जबकि भांबरी किसी एटीपी मास्टर्स 1000 टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले वह दो बार मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल तक पहुंच चुके थे।

### भांबरी-गोरानसन ने इन्हें हराया


भांबरी और गोरानसन ने क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रिया के एलेक्जेंडर एरलर और इटली के एंड्रिया वावस्सौरी को सीधे सेटों में 6-3, 7-6 से हराया। यह मैच एक घंटे 30 मिनट से अधिक समय तक चला।
भारत और स्वीडन की जोड़ी ने अपनी पहली सर्विस पर दबदबा बनाए रखा और इस पर 83 प्रतिशत अंक (35 में से 29) जीते। इससे उन्हें दूसरे सेट में टाई-ब्रेक और मैच जीतने में मदद मिली। भांबरी और गोरानसन शुक्रवार को सेमीफाइनल में फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच और मोनाको के वैलेंटीन वाचेरोट से भिड़ेंगे। रिंडरकनेच और वाचेरोट ने क्वार्टरफाइनल में आंद्रे रुबलेव और करेन खाचानोव की रूसी जोड़ी को 6-3 6-4 से हराया।

### द.अफ्रीका और वेस्टइंडीज का खिलाड़ी जत्था स्वदेश रवाना

*दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने गुरुवार को बताया कि टी20 विश्व कप के बाद भारत में फंसे दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का आखिरी जत्था भी स्वदेश रवाना हो गया है, जिससे पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण खाड़ी देशों के हवाई क्षेत्र के बंद होने से पैदा हुई परेशानी खत्म हो गई। खाड़ी क्षेत्र में चल रहे युद्ध के कारण दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम कोलकाता में फंस गई क्योंकि दुबई जैसे प्रमुख हवाई अड्डे और हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया था। वेस्टइंडीज के नौ खिलाड़ी इस सप्ताह की शुरुआत में ही स्वदेश रवाना हो गए थे, जबकि बाकी बचे 16 खिलाड़ियों के लिए वाणिज्यिक उड़ानों की बुकिंग हो चुकी थी।*

## टेनिस टूर्नामेंट

# जैक ड्रेपर ने नोवाक जोकोविच को हराया



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स (अमेरिका)

मौजूदा चैंपियन जैक ड्रेपर ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके बीएनपी पारिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में पांच बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को 4-6, 6-4, 7-6 (5) से हराया। हाथ की चोट के कारण आठ महीने तक बाहर रहने के बाद वापसी करने वाले 24 वर्षीय ड्रेपर इस जीत से क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं जहां उनका मुकाबला दानिल मेदवेदेव से होगा। तीसरे सेट में जोकोविच 6-5 से आगे थे, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और ड्रेपर ने वापसी करते हुए मैच को टाईब्रेकर तक पहुंचा दिया। मेदवेदेव ने एक अन्य मैच में एलेक्स मिशेलसन को 6-2, 6-4 से पराजित किया। ड्रेपर ने मैच के बाद कहा, ''मुझे अब भी ऐसा नहीं लगता कि मैं उस तरह से खेल रहा हूं जैसा मैं खेलना चाहता हूं। लेकिन मैं अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।'' रिकॉर्ड 24 बार ग्रैंड स्लैम चैंपियन 38 वर्षीय जोकोविच ने 2008, 2011, 2014, 2015 और 2016 में इंडियन वेल्स में खिताब जीता था।

### स्विस ओपनः भारतीय शटलर किरण जॉर्ज बाहर, मन्नेपल्ली दूसरे दौर में

**बासेल।** भारतीय शटलर किरण जॉर्ज बृहस्पतिवार को यहां स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के प्री क्वार्टरफाइनल में हांगकांग के जेसन गुणावन से हारकर बाहर हो गए जबकि युवा थारुन मन्नेपल्ली ने जापान के अपने प्रतिद्वंद्वी केंटा निशिमोटो के निर्णायक सेट में रिटायर होने के बाद दूसरे दौर में जगह बनाई। जॉर्ज ने कड़ी टक्कर दी लेकिन 70 मिनट तक चले राउंड 16 मैच में 18-21, 21-16, 16-21 से हार गए। भारत के हरिहरन अम्साकारुनन और एम आर अर्जुन की पुरुष युगल जोड़ी भी प्री क्वार्टर फाइनल में हार गई। उन्हें चीनी ताइपे के चेन चेंग कुआन और लिन बिंग-वेई ने 32 मिनट में 17-21, 11-21 से हराया। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी का मुकाबला आज रात प्री क्वार्टर फाइनल मैच में जापान के हिरोकी ओकामुरा और क्योहेई यामाशिता की जोड़ी से होगा।

# सुमित अंतिल ने विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली।** पैरालंपिक खेलों में दो बार के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक एथलीट सुमित अंतिल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बृहस्पतिवार को यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में शीर्ष पोडियम स्थान हासिल किया। दिन की मुख्य स्पर्धा निश्चित रूप से पुरुषों की भाला फेंक (एफ43, एफ44, एफ64) स्पर्धा थी जिसमें तोक्यो और पेरिस पैरालंपिक में लगातार दो स्वर्ण पदक जीतने वाले अंतिल ने 69.25 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष स्थान हासिल करके भारतीय टीम की अगुआई की। पुष्पेंद्र सिंह ने 56.91 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता जबकि पूनम राम ने 49.48 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। भारत 54 स्वर्ण सहित 167 पदक जीतकर शीर्ष पर बना हुआ है जबकि रूस 11 स्वर्ण से 23 पदक जीतकर दूसरे स्थान पर है। भारत ने पुरुषों की 400 मीटर टी13 स्पर्धा में भी दबदबा बनाया जिसमें सुबोध भट्ट ने 51.88 सेकंड में स्वर्ण जीता। उनके बाद प्रियांशु कौशिक (53.19 सेकंड) और अवनिल कुमार (56.91 सेकंड) रहे। पुरुषों की 400 मीटर टी46-टी47 स्पर्धा में भाविककुमार दीन भरवाड़ ने 49.89 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण जीता जबकि साथी भारतीय जसबीर 50.09 सेकंड के साथ रजत पदक जीतने में उनके ठीक पीछे रहे।

- भारत 54 स्वर्ण पदक सहित 167 पदक जीतकर शीर्ष स्थान पर

**भारत और पाकिस्तान का हाईवोल्टेज मुकाबला 14 जून को**

# अब महिला टीम की जिम्मेदारी टी-20 विश्व कप भारत लाना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने पूरी दुनिया की क्रिकेट टीमों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए टी-20 विश्व कप पर कब्जा जमाकर पूरे देश को गौरवन्वित कर दिया। अब महिला टी-20 विश्व कप 2026 का आयोजन इंग्लैंड की मेजबानी में होने जा रहा है और पूरे देश को महिला क्रिकेट टीम पर पूरा भरोसा है कि वह विश्व कप ट्रॉफी भारत लेकर आएगी। ऐसे में अब महिला क्रिकेटरों की जवाबदारी बन जाती है कि वे अच्छे खेल का प्रदर्शन कर एक बार फिर देश को गौरवान्वित कर पूरी दुनिया में भारतीय क्रिकेट का परचम लहराएं। महिला टी-20 विश्व कप 2026 के शेड्यूल का इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने ऐलान कर दिया है। इसकी शुरुआत 12 जून से होगी और कुल 33 मैच खेले जाएंगे।



इस टूर्नामेंट में 12 टीमें हिस्सा लेंगी। बांग्लादेश, आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड ने महिला टी-20 विश्व कप क्वालीफायर से अपनी जगह बनाई है। पहला मुकाबला इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा। भारत-पाकिस्तान का मुकाबला 14 जून को एजबेस्टन में होगा। ये टूर्नामेंट का 10वां संस्करण होगा। पिछला टी-20 विश्व कप साल 2024 में खेला गया था, फाइनल में न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी। बता दें कि, ऑस्ट्रेलिया ने 6 बार ये ट्रॉफी जीती है।

## 1902 में खेला गया द.अफ्रीका-ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट

# साल 2018 के बाद अफ्रीका में टेस्ट सीरीज खेलेगी ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी ▶▶| केपटाउन

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम 3 मैचों की वनडे और इतने ही मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने दक्षिण अफ्रीका जाएगी। साल 2018 के बाद ये पहला मौका होगा जब कंगारू टीम दक्षिण अफ्रीका में कोई टेस्ट सीरीज खेलेगी। 8 साल पहले हुई टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के कुछ खिलाड़ियों ने केपटाउन टेस्ट के दौरान बॉल-टेंपरिंग की थी। उस सीरीज के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम कभी भी दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज नहीं खेली।

### टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा रहा है भारी

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट 1902 में खेला गया था। दोनों टीमों के बीच 102 मुकाबले हुए हैं। इस दौरान 54 मुकाबलों में कंगारू टीम जीत दर्ज करने में सफल रही है। दक्षिण अफ्रीका ने 27 मैच जीते हैं। 21 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका में अब तक 54 मुकाबले हुए हैं। 29 मैच में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली है और 16 मुकाबले दक्षिण अफ्रीका ने जीते हैं। 9 मैच ड्रॉ रहे हैं।



### वनडे क्रिकेट में दोनों टीमों के आंकड़े

वनडे क्रिकेट में दोनों टीमों के बीच अब तक 113 मुकाबले हुए हैं। इस दौरान 52 मैच में कंगारू टीम को जीत मिली है। 57 मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है। तीन मैच टाई रहे और 1 मैच में कोई नतीजा नहीं निकला है। दक्षिण अफ्रीका में दोनों टीमों के बीच 51 मुकाबले हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 22 मैच जीते हैं और 28 मैच में उसे हार मिली है। एक मैच टाई पर समाप्त हुआ है।

### ऐसा है पूरे सीरीज का शेड्यूल

वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 24 सितंबर को डरबन में होगा। इसके बाद दूसरा मैच जोहान्सबर्ग में 27 सितंबर को खेला जाएगा।
पोटचेफस्ट्रूम में आखिरी वनडे 30 सितंबर को होगा। वहीं, सीरीज का पहला टेस्ट मैच 9 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक किंग्समीड स्टेडियम, डरबन में खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट सेंट जॉर्ज पार्क, गकेबेरहा में 18 से 22 अक्टूबर तक होगा। सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच 27 से 31 अक्टूबर तक न्यूलैंड्स, केपटाउन में खेला जाएगा।
**क्या था बॉल टेंपरिंग का मामला?**
दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन टेस्ट में तीसरे दिन कैमरून बैनक्रॉफ्ट बॉल टेंपरिंग करते हुए पकड़े गए थे। बैनक्रॉफ्ट को मैच के दौरान अपनी पैंट से पीले रंग की चीज निकालते देखा गया था। टीवी रीप्ले में देखा गया कि बैनक्रॉफ्ट ने गेंद का शेप बिगाड़ने के लिए टेप जैसी किसी चीज का इस्तेमाल किया।




# इजराइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े ठिकाने को निशाना बनाया

# ईरान का पलटवार, तेल और गैस रिफाइनरी, ईंधन टैंकों पर किया हमला

## यूएन में ईरान के हमलों के प्रस्ताव पर भारत सहित 130 देशों ने की निंदा


ईरान की मिसाइलों के हमले को इजराइल की राजधानी तेल अवीव पर रोकती सैन्य प्रणाली

1 ईरान के अराक प्रांत में 6 औद्योगिक उत्पादन इकाइयां क्षतिग्रस्त

2 ईरान ने ईलाम शहर में इजराइल के हर्मेज ड्रोन को मार गिराया

अमेरिका - ईरान जंग
विश्व युद्ध की आहट

**अराक में हमले में 7 घायल**
इजराइल के हमले में ईरान के अराक प्रांत में एक औद्योगिक क्षेत्र पर हुए हमले में सात लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस हमले में छह उत्पादन इकाइयां क्षतिग्रस्त हुई हैं। अराक एक प्रमुख औद्योगिक शहर है और यहां एक परमाणु परिसर भी है, जिसे इससे पहले इजराइली हमलों में निशाना बनाया जा चुका है।

एजेंसी ▶▶ तेहरान/ तेल अवीव

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध गुरुवार को 13वें दिन में प्रवेश कर गया। इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसने हाल के हमलों में ईरान के परमाणु हथियार विकास कार्यक्रम से जुड़े एक अहम ठिकाने को निशाना बनाया है। 'एक्स' पर जारी बयान में इजराइली सेना ने बताया कि उसके लड़ाकू विमानों ने तेहरान से करीब 30 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित पारचिन सैन्य परिसर के तालेगान ठिकाने पर हमला किया, जिसका इस्तेमाल ईरान परमाणु हथियार विकसित करने की महत्वपूर्ण क्षमताओं को आगे बढ़ाने के लिए कर रहा था।

### इजराइल की बड़ी तेल रिफाइनरी पर हमला

ईरान की सेनाओं ने बयान जारी कर कहा है कि उन्होंने इजराइल के हाइफा शहर में तेल और गैस रिफाइनरी तथा ईंधन टैंकों के खिलाफ ड्रोन/ मिसाइल हमला किया। उन्होंने बताया गया कि यह इजराइल द्वारा उनके ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले के जवाब में किया गया प्रतिकार है। इस हमले को बाजान ग्रुप की रिफाइनरी पर निशाना बनाकर किया गया, जो इजराइल का एक बड़ा तेल प्रसंस्करण केंद्र है। ईरान की सेना ने देश के पश्चिमी प्रांत इलाम के ऊपर इजराइल के एक हर्मेस ड्रोन को मार गिराया है। वहीं, ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर कालिबफ ने गुरुवार को कहा कि ईरान के द्वीपों पर किसी भी तरह का आक्रमण करने वाले फारस की खाड़ी को हमलावरों के खून से सराबोर कर देगा।


ईरान का इजराइल के हाइफा शहर पर हमला

### प्रस्ताव पर ईरान का विरोध, कहा- यह हमारे खिलाफ अन्याय

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पारित प्रस्ताव पर ईरान ने कड़ा विरोध जताया है। ईरान के प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने कहा कि यह फैसला उनके देश के साथ स्पष्ट अन्याय है। उन्होंने कहा कि ईरान इस संघर्ष का मुख्य पीड़ित है और परिषद ने जमीनी सच्चाई को नजरअंदाज किया है। इरावानी ने दावा किया कि अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद हजारों लोग मारे गए हैं और बड़ी संख्या में नागरिक ढांचे को नुकसान पहुंचा है।

### यूएन सुरक्षा परिषद में ईरान के हमलों पर निंदा का प्रस्ताव पारित

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों और जॉर्डन पर ईरान के हमलों की निंदा करने वाला प्रस्ताव पारित किया और ईरान से तुरंत शत्रुता रोकने की मांग की। इसके साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की धमकियों की भी निंदा की गई है। अमेरिका की अध्यक्षता वाली 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद ने 13 मतों के साथ इस प्रस्ताव को बुधवार को पारित किया। चीन और रूस ने मतदान से बचाव किया, लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को रोकने के लिए अपने वीटो अधिकार का प्रयोग नहीं किया। भारत ने 130 से अधिक देशों के साथ मिलकर बहरीन के नेतृत्व वाले इस प्रस्ताव का सह-प्रायोजन किया। प्रस्ताव में कहा गया कि इस प्रकार के कृत्य अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हैं तथा अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं।

### स्विट्जरलैंड ने तेहरान में दूतावास अस्थाई रूप से बंद किया

स्विट्जरलैंड सरकार ने तेहरान (ईरान) में अपना दूतावास अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया है। स्विट्जरलैंड के फेडरल डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेन अफेयर्स (एफडएफए) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि तेहरान में जारी मध्य पूर्व युद्ध और सुरक्षा जोखिमों के चलते दूतावास को अस्थायी रूप से बंद किया जा रहा है और वहां मौजूद सभी अधिकारियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। दूतावास के प्रमुख राजदूत ओलिवियर बेंजर्टर और पांच अन्य स्टाफ सदस्य 11 मार्च को सड़क मार्ग से ईरान से बाहर आ गए हैं और फिलहाल सुरक्षित स्थान पर हैं।

ईरान का हमला

### कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ड्रोन से हमला



कुवैत के नागरिक उड्डयन अधिकारियों के हवाले से बताया है कि कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कई ड्रोन से हमला किया गया है। इस हमले में केवल भौतिक नुकसान हुआ है और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। वहीं, कुवैत की रक्षा मंत्रालय ने बताया कि गुरुवार सुबह दक्षिणी इलाके में एक दुश्मन ड्रोन ने आवासीय भवन को निशाना बनाया। मंत्रालय के एक्स पोस्ट के अनुसार, इस हमले में कम से कम दो लोग घायल हुए और उन्हें आवश्यक उपचार दिया जा रहा है। इसके अलावा हमले से भवन और संपत्ति को भी नुकसान हुआ है।

### इजराइल ने बेरूत तट पर किया घातक हमला, 6 की मौत

लेबनान की राजधानी बेरूत के समुद्र तट इलाके रामलेट अल-बैदा में हुए एक हमले में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। यह हमला एक वाहन को निशाना बनाकर किया गया, जिसे संभावित हत्या की कार्रवाई माना जा रहा है। हमले के बाद इलाके में सेना ने सुरक्षा घेरा बना दिया है। बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में भी कई जोरदार हवाई हमले हुए हैं, जबकि इजराइल की ओर हिजबुल्लाह की रॉकेट फायरिंग जारी है।

### ईरान चालाकी रोके, वरना समाप्त कर देंगे: ट्रंप



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी कि अगर वे कुछ चालाकी करेंगे, तो अमेरिका उस देश को समाप्त कर देगा। उन्होंने दोहराया कि यह युद्ध जल्द ही खत्म होने वाला है और अगर फिर से शुरू होता है, तो ईरान को और भी मार पड़ेगी। हमने कम अवधि वाला अभियान चलाया है, क्योंकि हमें कुछ लोगों को हटाने की जरूरत महसूस हुई। अगर उन्होंने कुछ भी गलत किया, तो यह ईरान का अंत होगा और आप कभी उसका नाम नहीं सुनेंगे। अमेरिका और उसके सहयोगी कई मायनों में जीत चुके हैं। लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। हम अंतिम विजय हासिल करने से पहले अधिक मजबूत संकल्प के साथ आगे बढ़ेंगे, ताकि लंबे समय से मौजूद इस खतरे को हमेशा के लिए खत्म किया जा सके।

### हमारे पास अमेरिका के लिए हैं कई सरप्राइजः अराघची



ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने 'एक्स' पर कहा कि ऑपरेशन एपिक मिस्टेक के बाद, तेल की कीमतें दोगुनी हो गई हैं और सभी वस्तुएं तेजी से महंगी हो रही हैं। हमें पता है कि अमेरिका हमारे तेल और परमाणु स्थलों के खिलाफ योजना बना रहा है, ताकि महंगी कीमतों के बड़े झटके को नियंत्रित किया जा सके। ईरान पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि हमारे पास भी आपके लिए बहुत सारी रोचक चीजें हैं। हम ईरान के महान देश के अधिकारों की रक्षा करने, राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा को आगे बढ़ाने और ईरान की इस्लामिक क्रांति के बड़े लक्ष्यों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। झंडा उठाने वालों के हाथों से झंडा कभी न गिरे। उन्होंने कहा कि यह जंग थोपी गई है। अब ईरान के लोग एकजुट होकर अपने देश की रक्षा कर रहे हैं।

### खाड़ी में जहाजों की सुरक्षा पर जी7 देशों की हुई बैठक

*जी7 देशों के नेताओं ने खाड़ी क्षेत्र में जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए नए उपायों पर विचार करने का फैसला किया है। अमेरिका, कनाडा, जापान, इटली, ब्रिटेन, जर्मनी और फ्रांस के नेताओं ने इस मुद्दे पर चर्चा की। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पहल पर हुई बैठक के बाद कहा गया कि जहाजों को सैन्य सुरक्षा देकर उन्हें सुरक्षित मार्ग प्रदान करने का विकल्प जांचा जाएगा। इसके लिए एक कार्य समूह भी बनाया गया है।*


फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों

### कुवैत में रमजान के लिए आज बंद रहेंगे सभी भारतीय दूतावास

कुवैत में भारतीय दूतावास ने कहा है कि दूतावास की सेवाएं रमजान की वजह से शुक्रवार को बंद रहेंगी। दूतावास ने कहा है कि इमरजेंसी या किसी सवाल के लिए दूतावास से हेल्पलाइन +965 6550 1946 पर कॉल करके या 'कम्युनिटी. कुवैत. जीओवी. इन' पर ईमेल भेजकर संपर्क किया जा सकता है।

### फारस की खाड़ी में जहाजों की निरंतर निगरानी की जा रही: सुजाता शर्मा

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि कच्चे तेल के आयात का 70% हिस्सा अब होर्मुज जलडमरूमध्य के बाहर से होकर गुजर रहा है। ऊर्जा आपूर्ति सुरक्षित बनी हुई है। इसके अलावा, फारस की खाड़ी में भारतीय ध्वज वाले 28 जहाजों की निरंतर निगरानी की जा रही है। सरकार ने बताया कि भारत की कच्चे तेल की आपूर्ति सुरक्षित बनी हुई है।

# जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हुए 6 संदिग्ध गिरफ्तार

**गाजियाबाद (एजेंसी)।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद में एक बार फिर आतंकी कनेक्शन का खुलासा हुआ है। थाना मसूरी पुलिस ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से संदिग्ध रूप से जुड़े छह लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपी सोशल मीडिया के जरिए जैश-ए-मोहम्मद और अन्य प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े वीडियो देखते थे और उन्हें शेयर करते थे। अन्य लोगों को भी इसके लिए उकसाते थे। गिरफ्तार आरोपियों में एक लॉ का छात्र, एक वकील और एक मस्जिद से जुड़ा मौलाना भी शामिल है। डीसीपी सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि मसूरी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव नाहल का एक युवक लोगों को देश विरोधी गतिविधियों के लिए भड़का रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने सावेज उर्फ जिहादी पुत्र अब्दुल कदीर (20) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसके अन्य साथियों के नाम सामने आने के बाद पुलिस ने कुल 6 लोगों को गिरफ्तार किया है।



## एयर चीफ मार्शल ने मिग-29 में भरी उड़ान

**नई दिल्ली।** भारत की वायु सेना का सीमावर्ती क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन करने के लिए भारतीय वायु सेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने गुरुवार को मिग-29 यूपीजी मल्टी-रोल लड़ाकू विमान को अकेले उड़ाया। एपी सिंह ने एक प्रमुख सीमावर्ती बेस से उड़ान भरी। विमान के लैंड करने का वीडियो भी सामने आया है। एयर चीफ ने बेस पर भारतीय वायु सेना के पूर्व सैनिकों से भी बातचीत की।


एयर चीफ मार्शल एपी सिंह

### अमेरिका में गोलीबारी में दो घायल, बंदूकधारी की मौत

**न्यूयार्क (एपी)।** अमेरिका में ओल्ड डॉमिनियन यूनिवर्सिटी (ओडीयू) में बृहस्पतिवार को हुई गोलीबारी में दो लोग घायल हो गए जबकि एक बंदूकधारी मारा गया। वर्जीनिया स्कूल ने यह जानकारी दी। ओडीयू ने बताया कि एक बंदूकधारी ने उसके बिजनेस स्कूल की इमारत में गोलीबारी की, जिसमें दो लोग घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। हालांकि हमलावर की मौत कैसे हुई, यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। नॉरफ़ॉक के इस विश्वविद्यालय ने बृहस्पतिवार को शेष दिन के लिए कक्षाएं रद्द कर दीं और अपने मुख्य परिसर में सभी गतिविधियां निलंबित कर दीं।

- ओल्ड डॉमिनियन यूनिवर्सिटी (ओडीयू) में हुई घटना

विश्वविद्यालय ने आपातकालीन अधिकारियों के काम जारी रहने तक लोगों से कॉन्स्टेंट हॉल और उसके आसपास के क्षेत्र से दूर रहने का आग्रह किया है। संघीय शराब, तंबाकू, आग्नेयास्त्र और विस्फोटक ब्यूरो ने 'एक्स' पर कहा कि उसके एजेंट घटनास्थल पर मौजूद हैं और बचाव कार्य में सहयोग कर रहे हैं।

# इंडोनेशिया ने 3800 करोड़ का किया सैन्य समझौता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा उद्योग के क्षेत्र में भारत को एक और बड़ी उपलब्धि मिली है। फिलीपींस के बाद अब दुनिया के सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया ने भारत से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल प्रणाली खरीदने का समझौता किया है। इंडोनेशिया के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने इसकी पुष्टि की। इंडोनेशिया, फिलीपींस के बाद ब्रह्मोस खरीदने वाला दक्षिण-पूर्व एशिया का दूसरा देश बन गया है। ब्रह्मोस मिसाइल को लेकर भारत-इंडोनेशिया के बीच हुई इस डील की कीमत 450 मिलियन डॉलर यानी 3,800 करोड़ रुपए है। इंडोनेशिया ने कहा कि यह सौदा उसके हथियारों के आधुनिकीकरण और तटीय सुरक्षा क्षमता को मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा है।




**तटीय रक्षा मजबूत होगी**

प्रवक्ता रिको रिकार्डो सिरैत के मुताबिक, इंडोनेशिया ने भारत के साथ ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली की खरीद में साझेदारी की है। यह हमारे शस्त्रों के आधुनिकीकरण, विशेष रूप से तटीय रक्षा को मजबूत करने के प्रयासों का हिस्सा है। यह खरीद रक्षा क्षेत्र में जकार्ता-नई दिल्ली की रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करती है। इस नई प्रणाली से राष्ट्रीय संप्रभुता की रक्षा में प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

### डीजीपी की नियुक्ति के लिए मानदंडों का पालन करना होगाः उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि जिन राज्यों ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की नियुक्ति के लिए अलग अधिनियम बनाया है, उन्हें उस कानून का पालन करना होगा, लेकिन यदि ऐसा कोई अधिनियम नहीं है, तो उन्हें शीर्ष अदालत द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करना होगा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने बिहार, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के खिलाफ शुरू की गई अवमानना कार्रवाई को बंद कर दिया। इन राज्यों ने राज्य के डीजीपी की नियुक्ति के लिए अधिकारियों के नाम सुझाने को लेकर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को प्रस्ताव भेज दिया था। पीठ ने कहा कि हमारा यह स्पष्ट मत है कि जिन राज्यों में वैध अधिनियम लागू है, उन्हें डीजीपी की नियुक्ति में कानून का पालन करना होगा और जिन राज्यों में ऐसा अधिनियम नहीं है, उन्हें प्रकाश सिंह मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करना होगा।

- पीठ ने बिहार, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के खिलाफ शुरू की गई अवमानना कार्रवाई को बंद कर दिया




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28